हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
yashbharat.co.in

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 46 ● कटनी ● सोमवार, 20 मार्च, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 14 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## अमृतपाल की तलाश तीसरे दिन जारी

**चंडीगढ़, ईएमएस।** पंजाब में वारिस पंजाब दे के चीफ अमृतपाल सिंह की तलाश सोमवार को तीसरे दिन भी जारी है। पुलिस को अमृतपाल के जालंधर में छिपे होने की आशंका है। जिले के सभी एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर नाकाबंदी कर दी गई है। अमृतपाल के गांव जल्लूखेड़ा में भी फोर्स तैनात है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल से लगी पंजाब की सीमाओं को भी सील कर दिया गया है।

## चीनी नागरिकों पर बंदूकधारियों ने किया हमला, नौ की मौत

**बांगुई , एजेंसी।** मध्य अफ्रीकी गणराज्य में बंदूकधारियों ने रविवार को चीन द्वारा संचालित एक सोने की खदान पर धावा बोल दिया। इस हमले में खदान में काम कर रहे नौ चीनी नागरिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी कंपनी में हाल ही में इस खदान में कार्य शुरू किया था। बाद में पीड़ितों के शव राजधानी बांगुई लाए गए। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि हमलावरों की तलाश की जा रही है।

# मध्य प्रदेश में कुदरत का कहर , रो उठा अन्नदाता

## वर्षा और ओलावृष्टि से 25 जिलों में गेहूं व चना की फसल को नुकसान

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में कुदरत का कहर जारी है। बेरहम मौसम के कारण हो रही अति वर्षा और ओलावृष्टि से 25 जिलों में गेहूं और चना की फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर खेतों में फसल कटने की स्थिति में है तो कई जगह कट चुकी है। दोनों ही स्थिति में फसलों को नुकसान पहुंचा है। जिससे किसानों की आखों में आंसू निकल रहे हैं। प्रदेश के लगभग हर जिले में बेर के आकार के ओले गिरे हैं। ग्वालियर-चंबल संभाग, बुंदेलखंड, मालवा-निमाड़, महाकौशल और विंध्य क्षेत्र में जमकर ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई। मंदसौर, डिंडौरी, खरगोन, रायसेन, आगर-मालवा, शिवपुरी, ग्वालियर के घाटीगांव में तो कश्मीर जैसा नजारा दिखा। यहां ऐसी ओलावृष्टि हुई कि सड़कों पर सफेद चादर बिछ गई। लोगों ने बाल्टियों में भरकर ओले फेंके। इससे खेतों में खड़ी गेहूं, चना और सरसों फसलें बर्बाद हो गई। नरसिंहपुर जिले में तो चना





कट रहा है और वर्षा हो रही है। इससे थ्रेसिंग नहीं हो पा रही है। पूर्व कृषि संचालक जीएस कौशल ने बताया कि फसल खेत में खड़ी हो या फिर कटकर रखी हो, उसे वर्षा और ओलावृष्टि से नुकसान पहुंचा है। गेहूं के दाने प्रभावित हुए हैं। खजुराहो, भोपाल, खंडवा, बैतूल समेत कई जिलों में वर्षा, दो दिन तक राहत के आसार नहीं है। अब किसानों को उपज की कीमत भी नहीं मिलेगी, जबकि इस बार मांग को देखते हुए अच्छी कीमत मिलने की उम्मीद थी। उधर, सरकार ने फसलों को हुए नुकसान का सर्वे करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

### आज भी नहीं मिलेगी राहत

मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा। ग्वालियर, चंबल, रीवा और सागर संभाग में तेज बारिश-आंधी के साथ ओलावृष्टि हो सकती है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन समेत कई शहरों में भी बादलों की गड़बड़ाहट और बिजली चमकने-गिरने के साथ बारिश की संभावना है।

### कलेक्टरों को सर्वे करने सरकार के निर्देश

राहत की बात यह है कि सरकार ने कलेक्टरों को सर्वे करके किसानों को राजस्व परिपत्र पुस्तक के प्रविधान अनुसार आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। उधर, कांग्रेस ने सर्वे कराने के स्थान पर किसानों को सीधे आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की है। प्रदेश के मंडला, डिंडौरी, छतरपुर, दमोह, खंडवा, खरगोन, उमरिया, उज्जैन, छिंदवाड़ा, बालाघाट, भोपाल, बैतूल, गुना, रतलाम, सागर, उज्जैन, नर्मदापुरम, सिवनी, रायसेन, इंदौर, नरसिंहपुर सहित अन्य जिलों में वर्षा और ओलावृष्टि से फसलें प्रभावित हुई हैं।

# आज से 3 दिन छुट्टी पर गए तहसीलदार

## वॉट्सएप ग्रुप से लेफ्ट, सरकारी गाड़ियां भी लौटाई, जनता से जुड़े कामों पर असर

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश के तहसीलदार और नायब तहसीलदार सोमवार से 3 दिन के सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। इससे पहले रविवार रात में ही वे सरकारी वॉट्सएप ग्रुप लेफ्ट हो गए और गाड़ियां भी लौटा दी। उनके छुट्टी पर जाने से जनता से जुड़े कई कामों पर असर पड़ेगा। बंटाकन, सीमांकन समेत कई कामों की सुनवाई नहीं हो सकेगी।तहसीलदार और नायब तहसीलदार रविवार रात 8 बजे सभी ऑफिशियल वॉट्सएप ग्रुप से एकसाथ लेफ्ट हो गए। वहीं, रात 9 बजे तक अपनी सरकारी गाड़ियां सीनियर अफसरों को जमा करा दी। अपना डिजिटल साइन का डोंगल भी रात 9 बजे तक वापस अपने पास जमा कर लया। इसके बाद आज से अवकाश पर चले गए हैं।

### इन कामों पर असर



तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के अवकाश पर चले जाने के कारण बंटाकन और सीमांकन जैसे अनेक काम नहीं हो सकेंगे। इससे पेंडिंग केस की संख्या बढ़ेंगी। लाड़ली बहना योजना की मानीटरिंग में भी दिक्कतें आएंगी। बता दें कि प्रदेश में तहसीलदारों को कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर और नायब तहसीलदारों को तहसीलदार बनाने का मुद्दा फरवरी से ही गरमाया हुआ है।

### न्यूज-ब्रीफ

## मप्र विधानसभा बजट सत्र पेपरलीक, महू कांड और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का सोमवार को 11वां दिन है। इस सत्र में विपक्ष लगातार सरकार को घेर रहा है। आज भी विपक्ष सरकार को महू में आदिवासी युवती की मौत, पुलिस गोलीबारी में मारे गए युवक के परिवारजनों पर केस दर्ज करने के मामले पर सरकार को घेरेगा। इसके अलावा, प्रदेश में हुई बारिश और ओलावृष्टि के चलते फसलों को हुए नुकसान का मामला उठाएगा। इसके अलावा, 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के पेपर लीक का मामला भी विधानसभा में गूंजेगा।



## नेपाल के प्रधानमंत्री की अग्नि परीक्षा आज, कुर्सी जाएगी या बचेगी विश्वास मत से होगा फैसला

■ काठमांडू, एजेंसी।

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल सोमवार को दोपहर एक बजे विश्वास मत साबित करेंगे। प्रतिनिधि सभा के सभामुख देवराज घिमिरे ने यह जानकारी दी। नेपाल कम्युनिष्ट पार्टी (एमाले) और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (राप्रपा) के सरकार से अपना समर्थन वापस लेने के बाद दहल को बहुमत साबित करना पड़ रहा है। दहल के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार को नेपाली कांग्रेस, माओवादी केंद्र, एकीकृत समाजवादी सहित 10 राजनीतिक दलों का समर्थन प्राप्त है।नेपाली कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल को विश्वास मत देने के लिए प्रतिनिधि सभा के सदस्यों के लिए व्हिप जारी किया है। कांग्रेस संसदीय दल के रविवार को हुए फैसले के मुताबिक, सांसदों को प्रधानमंत्री दहल के पक्ष में विश्वास मत देने और सरकार में भाग लेने के लिए व्हिप जारी किया गया है।



# क्या कभी किसी बीजेपी नेता से भी पूछे हैं ऐसे सवाल ?

## राहुल गांधी ने दिल्ली पुलिस को भेजा 4 पन्नों का जवाब

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली पुलिस को उनके नोटिस का जवाब भेज दिया है। लेकिन दिल्ली पुलिस के मुताबिक इसमें ऐसी कोई जानकारी नहीं है, जिसके जांच को आगे बढ़ाया जा सके। अपने 4 पेज के जवाब में राहुल गांधी ने दिल्ली पुलिस पर कई सवाल उठाये हैं। राहुल गांधी ने पूछा कि उनके भाषण के 45 दिन बाद पुलिस की ने ये कार्रवाई क्यों शुरु की और क्या इस तरह के सवाल किसी बीजेपी नेता के भाषण के बाद उनके पूछे गये हैं? उन्होंने इस मामले में पूरी जानकारी जुटाने के लिए 8-10 दिनों का वक्त मांगते हुए उम्मीद जाहिर की है कि इस पुलिस कार्रवाई का अडानी मामले सहित विभिन्न मुद्दों पर संसद और बाहर उनके स्टैंड से कोई लेना-देना नहीं है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ यात्रा के दौरान कश्मीर में महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायत किये जाने की बात कही थी। इसी मामले में दिल्ली पुलिस ने उनके उन महिलाओं की डिटेल्स मांगी है, ताकि उनका शोषण करनेवालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। उधर, कांग्रेस इसे राजनीतिक उत्पीड़न बता रही है। इससे पहले रविवार को दिन में दिल्ली पुलिस की टीम, इस मामले में राहुल गांधी का जवाब लेने के लिए उनके आवास पर पहुंची थी। दिल्ली के स्पेशल सीपी (एल एंड ओ) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा कि दिल्ली पुलिस इसे गंभीर मामला मानती है और हम पीड़ितों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं।दरअसल, दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी के बयानों पर सोशल मीडिया पोस्ट का संज्ञान लेते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को एक प्रश्नावली भेजी थी।







## सावधान! देश में फिर पैर पसार रहा कोरोना, 130 दिन बाद आए 1000 केस

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

देश के कई राज्यों में बदलते मौसम के बाद एक बार फिर से कोरोना मामलों में तेजी से इजाफा देखने को मिला है। कोरोना के 500 केस पहुंचने के हफ्तेभर बाद ही ये आंकड़ा 1000 के पार पहुंच गया है। देश में 130 दिनों में पहली बार कोरोना मामले 1 हजार के पार चले गए हैं। पिछले करीब 5 हफ्तों से कोविड केसों में इजाफा दर्ज किया जा रहा है। लेकिन पिछले हफ्ते से इसमें तेजी से इजाफा हुआ, जब पश्चिमी और दक्षिण भारत में इसके सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं।भारत में शनिवार को कोरोना के 1,071 नए मामले दर्ज किए, जोकि पिछले साल 9 नवंबर के बाद सबसे ज्यादा हैं।

# नहीं है पैसे तो परेशान ना हों

## अब ईएमआईपर होगी शादी

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

अगर आप शादी करना चाहते हैं और आपके पास पैसे नहीं हैं तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। अब आप आसानी से शादी कर सकते हैं। वहीं बहुत से लोग ऐसे होते हैं जो काफी धूमधाम से शादी करना चाहते हैं, लेकिन उनके पास इतने पैसे नहीं होते हैं। ऐसे लोगों को भी परेशान होने की जरूरत नहीं है। दरअसल अब आप शादी करने के लिए लोन ले सकते हैं। इस लोन का भुगतान आप बाद में बेहद आसानी से ईएमआई पर कर सकते हैं। अभी तक ऑनलाइन शॉपिंग, घर आदि कई चीजें लोग लोन पर खरीदते हैं। इसकी ईएमआई देते हैं। इसके लिए बाय नाउ पे लेटर फैसिलिटी मिलती है। अब लोग लोन लेकर शादी भी कर सकते हैं। अब शादी के लिए भी मैरी नाउ, पे लेटर फैसिलिटी शुरू हो गई है।यह कंपनी दे रही मैरी नाउ पे लेटर फैसिलिटी मनी कंट्रोल की खबर के मुताबिक, फिनटेक कंपनी Sankash ने इस सुविधा के लिए रेडिसन होटल से समझौता किया है। कंपनी का कहना है कि आने वाले समय में यह फैसिलिटी पूरे देश में उपलब्ध कराने का प्लान है। इस फैसिलिट में वेडिंग स्पेस रेडिसन होटल में मिलता है। कंपनी का इरादा एमएनपीएल स्कीम को पूरे देश में शुरू करने का है। Sankash के सीईओ और को-फाउंडर आकाश दहिया के मुताबिक, अभी तक उनके पास फ्लाई नाउ, पे लेटर था। इसके बाद सेल नाउ पे लेटर आया। उन्होंने रेडिसन के साथ मिलकर स्टे नाउ पे लेटर की सुविधा शुरू की। इसके बाद उन्हें इस प्लान का ख्याल आया। दरअसल रेडिसन का 20 फीसदी रेवेन्यू फूड एंड बेवरेज से आता है।






## तीन बेटियों की मां को तीन बार तलाक देकर घर से निकाला

■ देवास, कन्नौद, ईएमएस।

जिले में ट्रिपल तलाक का मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र के ग्राम खारपा में 28 वर्षीय पीडति मुस्लिम महिला की तीन बेटियां होने पर पति सहित सास, ससुर, जेठ आए दिन मारपीट कर कर महिला को लज्जित करते थे।17 मार्च को भी पीडति मुस्लिम महिला को पति ने तीन बार तलाक बोलकर घर से निकाल दिया। महिला ने पुलिस थाने में आकर प्रकरण दर्ज करवाया कि उसकी तीन बेटियां होने पर पति सहित सास, ससुर और जेठ मारपीट करते हैं। आए दिन प्रताड़ित करते हैं। महिला ने पुलिस को बताया 8 वर्ष पहले उनके पिताजी ने उनकी शादी मुस्लिम रीतिरिवाज से खारपा के आशिक से करवाई थी।

# लहरीबाई ने घर में ही बनाया बैंक, प्रधानमंत्री मोदी भी कर चुके हैं तारीफ

## डिंडौरी में है मोटे अनाज का खजाना, थाली में लौटने लगे व्यंजन

■ डिण्डौरी, यश भारत।

आदिवासी बहुल डिंडौरी जिले की लहरी बाई का नाम अब हर किसी की जुबान पर है। उनके द्वारा मौटे अनाज कर लेकर किए जा रहे कार्य इन दिनों काफी चर्चा में है। उनके पास मौजूद मोटे अनाज (मिलेट) का खजाना यानी बीज बैंक है। जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर सिलपीड़ी जहां की रहने वाली हैं मोटे अनाज की ब्रांड एम्बेसडर लहरीबाई । लहरी बाई के बीज बैंक में 30 से ज्यादा ऐसी किस्म के मोटे अनाज के बीज हैं, जिनका नाम जानने वाले भी अब बहुत कम लोग ही हैं। लहरी बाई के इस



प्रयास की सराहना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर चुके हैं। उनके पास अनाज की उन किस्मों के बीज हैं जो लोगों की थाली ही नहीं, खेतों से भी गायब हो गए हैं। कमरे में बीजों को इस तरह सहेजकर रखा गया है जैसे किसी बैंक में बेहद सुरक्षा से नोट रखे जाते हैं। वर्ष 2023 को विश्व मिलेट ईयर के रूप में मनाया जा रहा है। ऐसे में ज्वार, बाजरा, रागी, कुटकी, मक्का, काला गेहूं, सांबा, कोदो और कुट्टू जैसे मोटे अनाज हमारी थाली में फिर से लौटने लगे हैं। खाद्य सुरक्षा अभियान में 14 राज्यों में मिलेट्स को भी शामिल कर लिया गया है। विलुप्त न हो जाएं इसलिए किया संग्रहण लहरी बाई बताती हैं, खेती से ज्यादा पैसे कमाने के चक्कर में लोग मोटे अनाज की खेती करना धीरे-धीरे बंद करने लगे जबकि हम बचपन से ही मोटा अनाज खाते आ रहे हैं। लगने लगा कि अब ये बीज विलुप्त हो जाएंगे इसलिए घर पर इकट्ठा करने लगी। उसके लिए सुबह से आसपास के गांव में जाना पड़ता है। बीज लाकर पहले खुद अपने खेत में लगाया और जब बीज ज्यादा हो गया तो उसे बीज बैंक में रखती गई।ज्यादा मुनाफे के चक्कर में मोटा अनाज को भूले लोग अभी मोटा अनाज उत्पादन में छत्तीसगढ़ पहले और मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर है।इसमें आदिवासी इलाकों का ही योगदान है। वरना ज्यादा मुनाफे के चक्कर में लोग सोयाबीन, तिलहन और हाइब्रीड अनाज बोने में लगे हैं।




## डूबने की कगार पर क्रेडिट स्विस बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** । स्विट्जरलैंड के सबसे बड़े बैंक क्रस ग्रुप ने कर्ज में फंसे Credit Suisse बैंक को 1 अरब डॉलर में खरीदने का ऑफर दिया है। Credit Suisse स्विट्जरलैंड का दूसरा बड़ा बैंक और करीब 167 साल पुराना बैंक हैं लेकिन वित्तीय हिसाब-किताब में गड़बड़ियों के चलते यह बैंक डूबने की कगार पर पहुंच गया है। ऐसे में अमेरिका के सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के बंद होने के बाद स्विट्जरलैंड का यह बैंक भी बंद हो सकता है।UBS Credit Suisse Deal के जल्द ही फाइनल होने की संभावना जताई जा रही है। ऐसी भी संभावना है कि सोमवार को इस डील पर साइन हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 19 मार्च को सुबह 0.25 स्विसफ्रेंक (0.27 डॉलर) की कीमत पर यूबीएस स्टॉक में भुगतान करने की पेशकश की गई थी।

# मप्र की 23 हजार पंचायतों में आज से तालाबंदी !

## सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भूख हड़ताल पर भी बैठेंगे

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश के 23 हजार से ज्यादा पंचायत सचिव सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इसे लेकर उन्होंने 14 दिन का आकस्मिक अवकाश भी लिया है। संगठन के पदाधिकारियों का दावा है कि हड़ताल पर जाने से पंचायतों में तालाबंदी की नौबत बनेगी। इससे लोगों के कई काम भी अटक जाएंगे। वेतन समेत अन्य मांगें पूरी नहीं होने के कारण वे आंदोलन का रास्ता अपना रहे हैं। कई जिलों में भूख हड़ताल भी करेंगे। मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन के बैनरतले यह प्रदर्शन होगा। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि जुलाई-अगस्त-21 में पूरे प्रदेश में एक महीने के लिए आंदोलन किया था। तब शिवराज सरकार ने 10 अगस्त-21 को सभी मांगों को लेकर आदेश जारी करने की बात कही थी, लेकिन इसे दो साल बीतने को आए हैं। बावजूद अब तक एक भी मांग पूरी नहीं की गई है। इससे नाराजगी हैं और अब आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।




### सचिवों की यह मांगें

- पंचायत सचिवों का विभाग में संविलियन हो
- 2018 से एरियर सहित 7वां वेतनमान दिया जाए
- 6वें वेतनमान की गणना नियुक्ति दिनांक से हो
- अनुकंपा नियुक्ति के आदेश का सरलीकरण कर 100प्रश नियुक्तियां करें
- सहायक सचिवों का जिला संवर्ग में संविलियन किया जाए
- निश्चित वेतनमान दिया जाए
- पांच महीने से नहीं मिला वेतन
- प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि सचिवों को 5 माह से वेतन नहीं मिला है। यह मांग उठाने के लिए 16 मार्च को भोपाल में जुटे थे, लेकिन आंदोलन की परमिशन ऐनवक्त पर निरस्त कर दी गई।

## ग्वालियर के सराफा कारोबारी व बिल्डर्स के प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग का छापा

**ग्वालियर.यशभारत।** आयकर विभाग की टीम सोमवार सुबह शहर के सराफा कारोबारी व बिल्डर्स पारस व विष्णु जैन के यहां छापा मारा है। आईटी की टीम ने जैन बंधुओं के तकरीबन 20 ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई शुरू की है। सोमवार सुबह अचानक से आईटी विभाग की कार्रवाई की सूचना मिलते ही शहर के सराफा कारोबारी सहित बिल्डर्स में हड़कंप मच गया।आईटी टीम सराफा कारोबारी व बिल्डर्स पारस व विष्णु जैन के घर व प्रतिष्ठानों पर सोमवार तड़के करीब 4 बजे पहुंची और कार्रवाई शुरू की। जब टीम इनके घरों पर कार्रवाई करने के लिए पहुंची तो परिवार के सभी लोग सो रहे थे। आइटी टीम को देखकर सभी के होस उड़ गए। आइटी की टीम ने जैन बंधुओं के तकरीबन 20 ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की है। आईटी टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी सुरक्षा के लिए मौजूद थे।

### भारत का कड़ा जवाब | लंदन में खालिस्तान समर्थकों ने किया तिरंगे का अपमान

# भारतीय दूतावास ने फहराया बड़ा तिरंगा

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

लंदन स्थित भारतीय दूतावास ने खालिस्तानियों को कड़ा जवाब देते हुए एक विशाल तिरंगा उच्चायोग पर लहरा दिया है। बता दें कि रविवार को कुछ खालिस्तान समर्थकों ने लंदन स्थित भारतीय दूतावास से भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को उतारने की कोशिश की और खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी की। हालांकि भारतीय दूतावास के एक अधिकारी ने गजब की हिम्मत दिखाते हुए खालिस्तानियों का विरोध किया और खालिस्तानी झंडे को फहराने की कोशिश कर रहे युवक से खालिस्तानी झंडा लेकर फेंक दिया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है और लोग भारतीय उच्चायोग के अधिकारी की हिम्मत की तारीफ कर रहे हैं। वहीं घटना के बाद खालिस्तानियों को कड़ा जवाब देते हुए भारतीय दूतावास पर एक विशाल तिरंगा झंडा फहराया गया है।




विदेश मंत्रालय की ओर से जारी कड़े बयान में ब्रिटेन से उच्चायोग के बाहर सुरक्षा न मुहैया कराए जाने को लेकर जवाब मांगा गया। मंत्रालय ने कहा कि ब्रिटेन में भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा में हो भेदभाव हो रहा है, जो कि पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्हें याद दिलाया गया कि विएना कन्वेंशन के तहत यह ब्रिटिश सरकार की आधारभूत जिम्मेदारी है कि वह राजनयिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

भारत ने कहा कि यह उम्मीद की जाती है कि ब्रिटिश सरकार तुरंत उपद्रवियों पर कार्रवाई करेगी।

### सरकार ने ब्रिटिश उच्चायुक्त को किया तलब

वहीं लंदन में हुई घटना के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने ब्रिटेन की उच्चायुक्त को तलब किया है और लंदन में हुई घटना पर नाराजगी जाहिर की है। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि जिस वक्त भारतीय दूतावास परिसर में यह घटना हुई, उस वक्त वहां से सुरक्षाकर्मी पूरी तरह से नदारद थे। इसे लेकर ब्रिटिश राजदूत से स्पष्टीकरण मांगा गया है। सरकार ने कहा है कि यह विएना कन्वेंशन का भी उल्लंघन है। सरकार ने ब्रिटिश राजदूत से घटना के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# वन विभाग से ज्यादा चालाक निकला तेंदुआ

## रेसक्यू होते ही भाग निकला, फंसा था तारों में

***कटनी, यशभारत। कटनी में कल एक एक तेंदुए ने वन विभाग को चकमा दे दिया। वन विभाग ने देर तक उसे रेसक्यू करने अपना भारी भरकम अमला लगाया लेकिन तेंदुआ इस अमले से ज्यादा चालाक और तेज निकला। जब तक वह संकट में था तब तक तो शांति से वन विभाग के रेसक्यू में डेटा रहा और जैसे ही रेसक्यू पूरा हुआ निकल कर भाग गया।***



कटनी जिले के वन विभाग की फेंसिंग में रविवार सुबह तेंदुआ फंस गया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। टीम जब तक पहुंचती, तेंदुआ निकलकर भाग गया। अब वन विभाग की टीम उसकी तलाश में जुटी है, उधर ग्रामीण दहशत में हैं कि कहीं तेंदुआ हमला न कर दे। जानकारी के अनुसार मामला बड़वारा वनपरिक्षेत्र के गोपालपुरा रोड किनारे का है। यहां सुबह करीब साढ़े 8 बजे वन विभाग की फेंसिंग पर तेंदुआ फंस जाने की जानकारी मिली थी। वन विभाग के मुताबिक तेंदुए के फंसे हुए लोकेशन आर.एफ 440 कंपार्टमेंट है जहां पर वन विभाग द्वारा सड़क के दोनों ओर वाहनों को रोक लिया था। वहीं बांधवगढ़ की रेस्क्यू टीम को भी सूचना दी गई। लेकिन उस बीच तेंदुआ खुद को तार से छुड़ाते हुए जंगल की भाग गया। विभाग ने उड़नदस्ता तैनात किया है साथ ही ग्रामीणों को मुनादी भी करा दी है कि वो अकेले जंगल की तरफ न जाएं। डीएफओ गौरव शर्मा ने बताया कि तेंदुए के फंसे हुए स्थान पर कोई भी खून नहीं मिला जिससे ये स्पष्ट है उसे किसी तरह की चोट नहीं लगी है। अगर वो मिलता है तो उसकी जांच के लिए फॉरेस्ट डॉक्टर जाएंगे। तेंदुआ 50 हेक्टेयर के एरिया में हो सकता है, जिसकी तलाश के लिए वन अमला सर्च ऑपरेशन चला रहा है। ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। कल पूरे दिन इस घटनाक्रम की चर्चा चलती रही।

# महिलाओं की स्कूटर रैली से चेट्रीचंड महोत्सव की शुरूआत, हुई पुष्पवर्षा



**कटनी, यशभारत।** भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव चेट्रीचंड महोत्सव के अवसर पर रविवार को महिला स्कूटर रैली का आयोजन किया। महिला स्कूटर रैली को पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष मोहन बत्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्कूटर रैली में महिलाओं और युवतियों का जोश और उत्साह देखने लायक रहा। स्कूटर रैली राधा स्वामी कॉलोनी नई बस्ती से शुरू होकर मंगतराम हॉस्पिटल, शहीद द्वार, गर्ग चौराहा, खिरहनी ओव्हर ब्रिज, दुबे कॉलोनी, खिरहनी अंडर ब्रिज, बरही रोड, पंजाबी गुरूद्वारा, रेलवे स्टेशन रोड, मेन रोड, सुभाष चौक, कोतवाली थाना तिराहा, मिशन चौक, चांडक चौक, घंटाघर रोड, गर्ग चौराहा, वीनस होटल, डॉ. बालचंद गलील, सिंधी स्कूल, चक्रवर्ती किराना, सुंदर प्रॉविजन्स होते हुए राधा स्वामी कॉलोनी नई बस्ती पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर जगह-जगह महिला स्कूटर रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### महिलाओं ने किया स्वागत

इस अवसर पर वर्षा पुरूस्वानी, मुस्कान चेलानी, सरिता आहूजा, भावना बजाज, रितु आहूजा, प्रवृष्टि सिंघानी, दीपा तखतानी, रेनू पंजवानी सहित कई महिलाओं ने स्कूटर रैली का जोरदार स्वागत किया।



# होली मिलन के साथ दिखाई सामाजिक एकता



**कटनी, यशभारत।** मां देवी सेवा समिति मिशन क्वीन एनजीओ द्वारा संचालक ट्रेनर प्रिया कुशवाहा और कुशवाहा समाज में समस्त कुशवाहा समाज की महिला मंडल द्वारा होली मिलन समारोह का कार्यक्रम गत दिवस मुहूर्त गार्डन में किया गया। इस अवसर पर केसीएस स्कूल कटनी की पूर्व फाउंडर शशि कला वर्मा ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। होली मिलन समारोह में कुशवाहा समाज की उपाध्यक्ष अंजना वर्मा ने कार्यक्रम में गेम्स, डांस और भी कई गतिविधियां में महिलाओं को पार्टिसिपेट करा कर कार्यक्रम को शानदार बना दिया। सुचित्रा कनौजिया ने कार्यक्रम में पहुंची सभी महिलाओं कुशवाहा समाज के महिला मंडल के कार्यक्रम को एसपी3 मिशन क्वीन संचालक ट्रेनर कई सदस्य जिन्होंने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से इस कार्यक्रम में सहयोग किया सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कुशवाहा समाज की अध्यक्ष लता कनौजिया ने सभी का हृदय से धन्यवाद किया और साथ ही सभी महिलाओं को यह भी बताया कि जिंदगी के कुछ क्षण अपने लिए निकालना है कुशवाहा समाज में होली मिलन समारोह की तरह ऐसे ही आगे की कार्यक्रम भी आप सभी के सहयोग से कराए जाएंगे कुशवाहा समाज अध्यक्ष लता कनौजिया उपाध्यक्ष अंजना वर्मा व समस्त कुशवाहा समाज महिला मंडल की सदस्यों ने आभार व्यक्त किया।



## जल संरक्षण पर किया जागरूक

कटनी। सेक्टर क्रमांक 4 पहाड़ी सेक्टर के ग्राम गनियारी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित पाठ्यक्रम सीएमसीएलडीपी के अंतर्गत एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू की छात्राओं के द्वारा ग्राम गनियारी में जाकर फरवरी माह के निर्धारित प्रदत्त कार्य के अनुसार जल संरक्षण के विषय के तहत गनियारी गांव में स्थित नदी की सफाई की गई एवं ग्राम वासियों को आने वाली गर्मी की ऋतु दृष्टिगत रखते हुए जल संरक्षण के लिए दीवार लेखन व चर्चा के माध्यम से जानकारी दी गई। इन सभी कार्यों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। सेक्टर प्रभारी परामर्शदाता संयोगिता मिश्रा एवं गांव के सरपंच भारत भूषण गर्ग, एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू की छात्राएं नेहा यादव, नीतू गडारी, कविता हल्दकार, काजल हल्दकार, अमीषा परोहा, मोनिका तिवारी तथा गनियारी के ग्रामीण वासियों की विशेष उपस्थिति रही।

# दो तीन दिन से मिल रही थी चेतावनी और जमकर हुई बारिश, ओलावृष्टि



**कटनी, यशभारत।** कटनी शहर के साथ साथ उपनगरीय क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आज दोपहर तेज बारिश के साथ कई स्थानों पर ओलावृष्टि से जनजीवन तो अस्तव्यस्त हुआ ही किसानों को भी इससे हानि पहुंची है। वैसे तो बीते दो तीन दिन से मौसम विभाग चेतावनी देता आ रहा था लेकिन यह बादलों के डेरे तक सीमित थी कल सुबह भी हल्की गर्मी के साथ आसमान पर बादल थे दोपहर करीब एक बजे बादलों का रुख बदल गया पहले तो कुछ हिसों में बारिश हुई धीरे धीरे पूरे शहर में न सिर्फ जमकर बल्कि थमकर भी पानी गिरता रहा। शहर में कल होली मिलन के भी कई कार्यक्रम थे। होली मिलन कार्यक्रम आज था। कई और छोटे बड़े सामाजिक आयोजन हुए। अचानक बारिश ने इन कार्यक्रमों में थोड़ा खलल डाला लेकिन फिर भी लोगों के उत्साह में कमी नहीं दिखी। बारिश से लोग बचते नजर आए हालांकि आज रविवार होने के कारण वैसे भी चहलपहल कम होती है जो थी तो उसको बारिश ने कम कर दिया। शहर में तो नहीं अलबत्ता उपनगरीय क्षेत्रों में ओला गिरने की खबर भी थी।

### किस वजह से हो रही है बारिश

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक प्रदेश में एक नया पश्चिमि विक्षोभ गुरुवार से सक्रिय होगा. इसके प्रभाव की वजह से गरज-चमक के साथ बारिश होने और बिजली गिरने की आशंका है। इस दौरान कहीं कहीं तेज हवाएं भी चल सकती हैं. विभाग के मुताबिक पाकिस्तान में बने एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से प्रदेश के मौसम में बदलाव आया है. मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर भारत में एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है. इसका असर राजस्थान के साथ-साथ आस-पास के कई राज्यों में नजर आ रहा है।

# पूर्व महापौर के निवास पहुंचे बद्री प्रपन्नाचार्य का शिष्यों ने किया अभिनंदन



**कटनी, यशभारत।** पूर्वजों के पुण्य कार्यों से मिलती है भगवत कृपा यह विचार कल बदरी प्रपन्नाचार्य जी महराज युवराज स्वामी ने कटनी में व्यक्त किए। युवराज स्वामी ने कहा कि पूर्वजों पुण्य कार्यों से व्यक्ति को भगवत कृपा मिलती हैं। ईश्वर कब किस पर कृपा कर दे कब किसका भाग्य उदय हो जाए ये सब पूर्व से निर्धारित है, इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को सदैव सत्कर्मों में निहित रहना चाहिये निःस्वार्थ भाव से जनहित में सेवा कीजिये सबका कल्याण होगा। कुछ ऐसे धर्म उपदेश श्री श्री 1008 श्री बद्री प्रपन्नाचार्य राजगुरु जी महाराज चित्रकूट धाम कल सुबह प्रथम महापौर विजेंद्र मिश्र राजा भैया के गृह में आशीष बचन देते हुए व्यक्त किये। इससे पूर्व विजेंद्र मिश्र ने अपने परिजनों और इष्ट मित्रों के साथ श्रद्धा भाव से महाराज श्री का शाल श्री फल पुष्प मालाओं से स्वागत करते हुए दीप'योति के साथ आरती करते हुए पादुका पूजन किया। श्री बजरंग रामायण सेवा समिति के नंदू खनताल ब टीम के द्वारा इस दौरान भजन प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला, इंटक अध्यक्ष बीएम तिवारी, शिक्षक कांग्रेस अध्यक्ष राम नरेश त्रिपाठी, राम लखन गर्ग, राजा जगवानी, अरुण कनोजिया, लता कनोजिया, संजय गोरा, सुरेंद्र मिश्रा गुल्लू, अमित गर्ग, संतोष मिश्रा, गुड्डू द्विवेदी, शुभ मिश्र, कुशल मिश्र, विनोद छिरोल्या, सतीश पाण्डेय, मनीष मिश्रा, सीमांत दुबे, अशिव सेन, धनंजय शिवहरे, अंकित मिश्रा, प्रितरेश विलेया, देव मिश्रा सहित बड़ी सं या में महाराज श्री के अनुयायियों ने पहुंचकर महाराज श्री से आशीष गृहण किया।

# सेवानिवृत्ति पर शिक्षक को दी गई विदाई

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ रहे शिक्षक सरवर उल्ला खान की सेवानिवृत्ति पर शालेय शिक्षकों द्वारा विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंचासीन संकुल प्राचार्य श्रीमती सरस्वती मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, सी पी पांडेय, डी आर मरावी, विपिन उरमलिया, प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षकों ने उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए मंगलमय भविष्य की कामना की। अभिनंदन पत्र का वाचन शिक्षक जीवन लाल विश्वकर्मा ने किया। शाला परिवार सहित उपस्थित शिक्षकों द्वारा स्मृति चिन्हए शाल, श्री फल भेंट किया गया।



संचालन अतिथि शिक्षक दीपक मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय व्यवस्थापक राजकुमार साहू, राजेश दुबे, हरीश दुबे, विमलेन्दु पयासी, श्रीमती मिथलेश दुबे, पी डी राठौर, वृन्दावन चौधरी, मो सुबहान, एस डी पांडेय, उमेश परिहार, वंदना त्रिपाठी, एहतेशामुद्दीन, माधुरी मिश्रा, संतोष मिश्रा, कुसुम कली तिर्की, रचना मिश्रा, राजेश उपाध्याय, रेखा गुप्ता, गोविन्द पाटकर, उमा लताम्रकार, माधुरी त्रिपाठी, आरती नामदेव, नीलम ताम्रकार, रीता नामदेव, पुष्पा गुप्ता, अपर्णा अवस्थी, श्रीमती गंगा बाई सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों को लेकर फैलाई जागरूकता



**कटनी, यशभारत।** शासकीय कन्या महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा ऊर्जा साक्षरता अभियान एवं जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों का कम करने के लिए सामाजिक व्यवहार में परिवर्तन पर केन्द्रित निबंध एवं वॉल पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में 8 छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिसमें पायल राय.प्रथम, नम्रता चतुर्वेदी.द्वितीय एवं पूजा मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वॉल पेंटिंग में 4 छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसमे खुशी दुबे, प्रथम, नम्रता चतुर्वेदी.द्वितीय एवं पायल राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉण् आरण्केण् गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं ऊर्जा साक्षरता अभियान के संयोजक डॉ के जी सिंह के निर्देशन में संपन्न हुई। दोनों प्रतियोगिताओं का शीर्षक वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतो की महत्ता था। इस अवसर पर महाविद्यालय ऊर्जा साक्षरता अभियान के सदस्यो डॉ अशोक शर्मा, श्रीमती स्मृति दहायत, सुश्री आरती वर्मा, श्रीमती मैत्रयी शुक्ला, भीम बर्मन, प्रेमलाल कॉवरे, रामेश्वर ने इस प्रतियोगिता को सार्थक बनाने के लिए सहयोग दिया।

# देखरेख के अभाव में बदहाली का शिकार विजयराघवगढ़ का पार्क

**बच्चों के मनोरंजन के लिए में दो साल पहले बनाया गया था पार्क**



**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़, यशभारत। नगर परिषद विजयराघवगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत वार्ड क्रमांक्र 12 में विगत 2 वर्षों पूर्व नगर में ब'चों के मनोरंजन का साधन बनवाया गया था, साथ ही स्थानीय लोगों को पार्क के पास मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन व प्राचीन किले में ब्र हदेव जी के दर्शन के साथ ही भ्रमण का लु त भी नागरिक उठाते थे, किन्तु जि मेदारों द्वारा ठीक से देखरेख न किए जाने के कारण आज पार्क बदहाली का शिकार हो चुका है। विगत दो वर्ष पूर्व निर्माण हुए इस पार्क में झूला सीढ़ी घिसलपट्टी है। सभी छति ग्रस्त हो गये है, वहां फुहारे चल रहे थे, वो भी बंद हो चुके हैं और पार्क से हरियाली भी व्यवस्था के अभाव में गायब हो चुकी है, वहां लगे पौधे फूल सभी नष्ट हो कर पार्क झाड़ियों मे तब्दील हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार छोटे-छोटे ब'चे वहां घूमने तो जाते है, किन्तु अव्यवस्थाओं के कारण परेशान ब'चे हीन भावना से वापस लौट आते है। लोगों ने बताया कि अधिकारी व जनप्रतिनिधियो से कई बार अवगत कराया गया है किन्तु बदहाली के शिकार पार्क की आज तक कोई व्यवस्था नही कराई गई है।

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# फ्लॉप शो साबित हो रही जल जीवन मिशन योजना

## सरकार की महत्वपूर्ण योजना को पलीता लगा रहे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी

**कटनी, यशभारत। लोक कल्याण की दिशा में सरकारों द्वारा कई तरह की योजनाएं शुरू की जाती हैं, लेकिन इन योजनाओं का उचित क्रियान्वयन नहीं होने की वजह आम नागरिकों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। घर-घर जल पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन योजना की गई है लेकिन कटनी जिले में इस योजना को पलीता लगाया जा रहा है।**



पानी के लिए परेशान वाशिंदे



घर के बाहर हैंडपंप के अवशेष

शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र, सभी की स्थितियां एक जैसी ही नजर आ रही है। शहर से सटे हुए ग्राम पंचायत जुहली में पानी की किल्लत देखकर लगता है कि जल जीवन मिशन यहां की जनता के लिए अभी कोसों दूर है। दो दिन बाद 22 मार्च को देश में जल संरक्षण दिवस मनाया जाएगा लेकिन कटनी जिले में गर्मी की शुरूआत में ही पेयजल संकट गहराने जैसे हालात बनते दिख रहे हैं। जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन के लिए केंद्र और राज्य सरकारें प्रचार तो खूब कर रही हैं, किंतु धरातल पर हकीकत कुछ और ही है। बताया जाता है कि ग्राम जुहली में अधिकांश तौर पर रोजमर्रा का काम करके गुजारा करने वाले श्रमिक वर्ग के लोग रहते हैं। यह रोज कमाने खाने वाला वर्ग है। पानी की मुसीबत के कारण यहां के स्थानीय लोगों को इसकी व्यवस्था करने के लिए दूर दराज से पानी ढोना पड़ रहा है, जिसके कारण उसको अपनी मजदूरी का भी नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे हालात में वह परिवार के लिए रोटी जुटाए कि पानी। जुहली




कलेक्टर परिसर स्थित जिला पंचायत कार्यालय में जल जीवन मिशन योजना के प्रचार-प्रसार के लिए लगा होर्डिंग।

की ही रहने वाली रानी दुबे का कहना है कि पिछले वर्ष से पानी की टंकी जर्जर है, जिसके कारण वहां के रहवासियों को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। हैंडपंप भी टूटे पड़े हुए हैं। इनमें से कोई पानी दे भी रहा है तो वह इतना गंदा आता है कि न तो वह नहाने लायक होता है और न ही पीने योग्य।

### बीएमएस ने आवाज की बुलंद

इस समस्या को लेकर भारतीय मजदूर संघ की टीम जिला पंचायत सीईओ और पीएचई विभाग के अधिकारी के पास पहुंची और ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेशमंत्री कमलेश पटेल ने बताया कि जुहली सहित आसपास के क्षेत्रों में पानी का संकट बना हुआ है। संघ के जिला कोषाध्यक्ष प्रशांत कुमटाकर ने जानकारी दी कि उक्त समस्या का निराकरण एक सप्ताह के अंदर नहीं होने पर संघ ने जिला प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चक्रवर्ती, विधि सलाहकार एवं अधिवक्ता धनीराम सोनी, संजीव ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी रानी दुबे की उपस्थिति रही।



# साक्षर बनने दी परीक्षा, महिलाओं में दिखा पुरूषों से ज्यादा उत्साह

## जिले के सभी 6 ब्लाकों में रविवार को परीक्षा का आयोजन, 9870 सम्मिलित हुए

**कटनी, यशभारत।** नव साक्षर कार्यक्रम अंतर्गत के रविवार को पूरे जिले में असाक्षरों ने साक्षर बनने के लिए परीक्षा दी। परीक्षा को लेकर पुरूषों की तुलना में महिलाओं अधिक उत्साह देखा गया। जिले में 9 हजार 870 नवसाक्षरों ने परीक्षा दी। जिसमे 2 हजार 695 पुरूष एवं 7 हजार 175 महिलाएं शामिल रहीं। डीपीसी के के डेहरिया ने बताया कि साक्षरता दर बढ़ाने के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार संचालित नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अप्रैल 2022 से संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नव साक्षरों की मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें सर्वेक्षण कर चिन्हित किए गए 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को शामिल किया गया। परीक्षा ग्राम प्रभारी शिक्षक द्वारा ली गई। परीक्षा सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा की अवधि 3 घंटे की रही। परीक्षा उपरांत मूल्यांकन परीक्षा केंद्र में ही किया गया। परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को साक्षरता प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा । नव साक्षर की परीक्षा में 10 हजार परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था बनाई गई थी। बताया जाता है कि ढीमरखेड़ा विकासखंड के अंतर्गत 170 केंद्रों में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गयाए जिसमें 2238 असाक्षरों की मूल्यांकन परीक्षा लिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया थाए प्रत्येक केंद्र में 10 से 12 निरक्षरों को बुलाकर परीक्षा ली गई। शिक्षक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, नेहरू युवा केन्द्र और जन अभियान परिषद के सदस्यों के सहयोग से परीक्षा हुई।

**नवसाक्षर परीक्षा**

| ब्लाक | पुरुष | महिला | टोटल |
|---|---|---|---|
| कटनी | 135 | 453 | 588 |
| बड़वारा | 354 | 997 | 1351 |
| वि.गढ़ | 545 | 1498 | 2043 |
| ढीमरखेड़ा | 415 | 1298 | 1713 |
| रीठी | 627 | 1341 | 1968 |
| बहोरीबंद | 619 | 1588 | 2207 |
| **टोटल** | **2695** | **7175** | **9870** |

# इतना वेतन भी नहीं मिल रहा कि परिवार पाल सकें

## मांगों को लेकर आशा ऊषा महिला संगठन ने कलेक्ट्रेट के बाहर खोला मोर्चा



**कटनी, यशभारत।** आशा ऊषा महिला संगठन द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है लेकिन अब तक न तो स्थानीय प्रशासन द्वारा मांगों के निराकरण को लेकर कोई कदम उठाए गए हैं और न ही राज्य सरकार द्वारा कोई सकारात्मक पहल की जा रही है। संघ के प्रदेश संरक्षक अमित पटेल बरही, प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती नर्मदा ठाकरे के मार्गदर्शन एवं डॉ बी के पटेल प्रदेशाध्यक्ष राष्ट्रीय किसान मोर्चा मप्र के विशेष मार्गदर्शन एवं जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। आशा ऊषा कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार हमारा शोषण कर रही है। हम मरीजों के लिए दिन-रात उपलब्ध रहते हैं, परन्तु सरकार हमें इतना भी वेतन नहीं दे रही है कि हम अपना परिवार पाल सकें। मंहगाई निरंतर बढ़ रही है, परन्तु हमारा वेतन मात्र 2 हजार महीना मिल रहा है, जो कि मीटिंग में आने जाने में किराया ही लग जाता है। संघ की प्रमुख मांगों में निश्चित मानदेय 10 हजार प्रतिमाह दिया जावे, आशा, ऊषा कार्यकर्ताओं को नियमित किया जावे, आकस्मिक मृत्यु पर 5 लाख राशि एवं अनुकम्पा नियुक्ति दी जावे, सेवानिवृत्त पश्चात एक मुश्त 10 लाख की राशि प्रदान की जावे सहित अन्य मांगें शामिल हैं।

CITYPRIDE CINEMA



17 मार्च 2023 से

10:00AM - AUDI-1 - SHAZAM
12:00PM - AUDI-1 - KABZAA
12:30PM - AUDI-2 - TU JHOOTHI MAIN MAKKAAR
02:30PM - AUDI-1 - SHAZAM
03:30PM - AUDI-2 - KABZAA
05:00PM - AUDI-1 - SHAZAM
06:30PM - AUDI-2 - TU JHOOTHI MAIN MAKKAAR
07:30PM - AUDI-1 - SHAZAM
09:30PM - AUDI-2 - KABZAA
10:00PM - AUDI-1 - TU JHOOTHI MAIN MAKKAAR

# रजिस्ट्रार कार्यालय में अव्यवस्थाएं हावी

## कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ ने की व्यवस्थाओं की मांग, सौंपा ज्ञापन



**कटनी, यशभारत।** कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रौनक खंडेलवाल के नेतृत्व में प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के साथ रजिस्ट्री कार्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर रजिस्ट्रार के नाम ज्ञापन दिया गया। जिला समन्वयक दीपक गुमास्ता ने बताया कि मार्च में सर्वाधिक भूमि की खरीदी बिक्री होती है, जिस हेतु जिले एवं जिले के बाहर से बड़ी संख्या में क्रेता एवं विक्रेता रजिस्ट्री ऑफिस आते है लेकिन यहां अव्यवस्थाओं के चलते क्रेताओं-विक्रेताओं को जमीन पर बैठना पड़ रहा है। कार्यालय के बाहर सड़कों पर भी यही स्थिति है। पीने के पानी की व्यवस्था भी नहीं है एवं मूत्रालय से दुर्गंग आ रही है। उपाध्यक्ष संतोष कंदेले ने बताया कि कार्यालय के बाहर गाड़ियां खड़ी करने की जगह भी नही है और जाम की स्थिति बनी रहती है। विदित हो कि सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले कार्यालय में इस प्रकार की अव्यवस्था ना हो इस हेतु रजिस्ट्रार से निवेदन निवेदन किया गया कि तत्काल रजिस्ट्री ऑफिस में कुर्सी, पानी एवं साफसफाई व्यवस्था उपलब्ध करवाए, जिससे जिले एवं बाहर से आने वाले क्रेताओं विक्रेताओं को समस्या का सामना ना करना पड़े। रजिस्ट्रार की अनुपस्थिति में उपपंजीयक को ज्ञापन प्रेषित किया गया एवं रजिस्ट्रार से फोन पर बात की गई, जिसमे उनके द्वारा यह माना गया की सच में वहां अव्यवस्था है और जल्द ही उसे दूर किया जाएगा। ज्ञापन में मुख्य रूप से कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक दीपक गुमास्ता, संतोष कंदेले गोपी, आदित्य पलटा, अमित कटारे एवं अंकित सिंघानिया शामिल हुए।



# हाट बाजार का ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

**कटनी, यशभारत।** ग्राम पंचायत सिंदुरसी में कल रविवार से हाट बाजार का शुभारंभ हो गया। जिसका लाभ ग्रामीणों को मिलेगा। बाजार ग्राम पंचायत भवन के पास लगाई गई है। जिसमें दूर-दूर से व्यापारी पहुंचे। ग्राम पंचायत सरपंच सुलोचना लक्ष्मी महतो द्वारा व्यापारियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया, जिसमें ग्राम वासियों में हर्ष का माहौल रहा।




## बोर्ड परीक्षाओं में उत्साह से शामिल हो रहे परीक्षार्थी

**कटनी, यशभारत।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल मप्र द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं जिले में संचालित हो रही हैं। शनिवार को 12वीं के 10 हजार 640 परीक्षार्थियों में से 10 हजार 481 ने पर्चा हल किया। 159 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। शनिवार को नकल प्रकरण निरंक रहा।

परिशिष्ट अ

**कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास, जबलपुर संभाग**
**मकान न 46 शरद पुंज गोरखपुर थाने के सामने,**
**नर्मदा रोड गोरखपुर जबलपुर 482003 मध्य प्रदेश**

// आवेदन आमंत्रण की सूचना//

जबलपुर संभाग के जिलों में 99 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं. 207 आंगनबाड़ी सहायिकाओं तथा 03 मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पूर्णत: अस्थाई एवं मानदेय आधारित पदों के लिए पात्र महिला अभ्यार्थियों से निम्नानुसार आवदेन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. | जिले का नाम | परियोजना का नाम | आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद संख्या | आंगनवाड़ी सहायिका पद संख्या | मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद संख्या | जिला कार्यालय का दूरभाष क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डिंडोरी | डिंडोरी | 5 | 3 | 0 | 7644-234965 |
| 2 | | अमरपुर | 2 | 3 | 0 | |
| 3 | | समनापुर | 2 | 1 | 0 | |
| 4 | | बजाग | 1 | 0 | 0 | |
| 5 | | करंजिया | 2 | 6 | 0 | |
| 6 | | मेहंदवानी | 1 | 2 | 0 | |
| 7 | | शहपुरा | 1 | 2 | 0 | |
| 8 | नरसिंहपुर | नरसिंहपुर | 6 | 2 | 0 | 7792230512 |
| 9 | | गोटेगांव | 1 | 6 | 0 | |
| 10 | | करेली | 3 | 1 | 0 | |
| 11 | | चॉवरपाठा | 2 | 4 | 0 | |
| 12 | | चीचली | 3 | 1 | 0 | |
| 13 | | साईखेडा | 1 | 1 | 0 | |
| 14 | मंडला | बीजाडांडी | 3 | 2 | 0 | |
| 15 | | घुघरी | 1 | 1 | 0 | |
| 16 | | मंडला | 2 | 0 | 0 | |
| 17 | | मवई | 0 | 4 | 0 | |
| 18 | | मोहगांव | 0 | 0 | 1 | |
| 19 | | नैनपुर | 0 | 4 | 0 | |
| 20 | | नारायणगंज | 0 | 1 | 0 | |
| 21 | | निवास | 0 | 1 | 0 | |
| 22 | कटनी | बहोरीबंद | 3 | 0 | 0 | 7622221232 |
| 23 | | ढीमरखेड़ा | 2 | 3 | 0 | |
| 24 | | कटनी शहरी | 1 | 2 | 0 | |
| 25 | | मुड़वारा | 1 | 1 | 0 | |
| 26 | | रीठी | 1 | 2 | 0 | |
| 27 | | विजयराघवगढ़ | 0 | 0 | 1 | |
| 28 | बालाघाट | बैहर | 3 | 4 | 0 | 07632241637 |
| 29 | | बिरसा | 0 | 6 | 0 | |
| 30 | | परसवाड़ा | 2 | 7 | 0 | |
| 31 | | बालाघाट ग्रामीण | 0 | 4 | 0 | |
| 32 | | किरनापुर | 1 | 7 | 0 | |
| 33 | | लांजी | 1 | 5 | 0 | |
| 34 | | वारासिवनी | 1 | 4 | 0 | |
| 35 | | लालबर्रा | 0 | 1 | 0 | |
| 36 | | कटंगी | 1 | 4 | 0 | |
| 37 | | खैरलांजी | 0 | 4 | 0 | |
| 38 | | बालाघाट शहरी | 0 | 2 | 0 | |
| 39 | सिवनी | सिवनी ग्रामीण-01 | 1 | 0 | 0 | 77692228191 |
| 40 | | सिवनी ग्रामीण-02 | 2 | 1 | 0 | |
| 41 | | केवलारी | 2 | 1 | 0 | |
| 42 | | बरघाट | 1 | 0 | 0 | |
| 43 | | लखनादौन | 2 | 3 | 0 | |
| 44 | | घंसौर | 8 | 11 | 0 | |
| 45 | | धनौरा | 2 | 3 | 0 | |
| 46 | | छपारा | 2 | 3 | 0 | |
| 47 | | कुरई | 1 | 4 | 0 | |
| 48 | | धूमा | 5 | 3 | 0 | |
| 49 | | सिवनी शहरी | 1 | 0 | 0 | |
| 50. | छिंदवाड़ा | अमरवाड़ा | 1 | 4 | 0 | 7162243421 |
| 51 | | बिछुआ | 3 | 4 | 0 | |
| 52 | | चौरई | 0 | 1 | 0 | |
| 53 | | परासिया-1 | 0 | 2 | 0 | |
| 54 | | परासिया-2 | 2 | 2 | 0 | |
| 55 | | पांढुर्णा | 1 | 2 | 0 | |
| 56 | | जुन्नारदेव -1 | 0 | 5 | 0 | |
| 57 | | जामई-2 | 1 | 13 | 0 | |
| 58 | | मोहखेड़ | 0 | 6 | 0 | |
| 59 | | तामिया | 1 | 7 | 0 | |
| 60 | | सौंसर | 1 | 3 | 0 | |
| 61 | | हर्रई | 3 | 5 | 0 | |
| 62 | जबलपुर | जबलपुर शहरी - 01 | 0 | 2 | 0 | 7612623810 |
| 63 | | जबलपुर शहरी - 02 | 0 | 3 | 0 | |
| 64 | | जबलपुर शहरी-04 | 0 | 4 | 0 | |
| 65 | | जबलपुर शहरी- 05 | 0 | 0 | 1 | |
| 66 | | जबलपुर शहरी-06 | 0 | 3 | 0 | |
| 67 | | पाटन | 3 | 0 | 0 | |
| 68 | | कुण्डम | 0 | 3 | 0 | |
| 69 | | पनागर | 1 | 4 | 0 | |
| 70 | | शहपुरा | 0 | 1 | 0 | |
| 71 | | बरगी | 2 | 2 | 0 | |
| 72 | | मझौली | 0 | 1 | 0 | |
| | योग | | 99 | 207 | 03 | |

उपरोक्त चार्ट अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों की नामवार सूची एवं नियम निर्देश / शर्ते आवेदन का प्रारूप एवं अन्य अर्हताएं संबंधित जिला कार्यालय एवं संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। जिस ग्राम वार्ड में रिक्त पद की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है. आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम, शहरी क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होना चाहिये । संबंधित महिला आवेदक अपने पूर्णत: भरे आवेदन पत्र मय आवश्यक सहपत्रों सहित संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यालयीन दिवस एवं समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक में विज्ञापन प्रकाशन होने की तिथि से 15 दिवस तक जमा कराकर निर्धारित प्रारूप में प्राप्ति अभिस्वीकृति प्राप्त कर सकते है। **संभागीय कार्यालय, महिला एवं बाल विकास, जबलपुर संभाग में आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेंगे ।**

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

G-24675/22

**(शशि श्याम उइके)**
**संभागीय संयुक्त संचालक**
**महिला एवं बाल विकास जबलपुर संभाग**

# हर अनाथ को सहारा देंगे मामा शिवराज, मप्र में शुरू होगी 'मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना'

**भोपाल, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को प्रस्फुटन समितियों और स्वैच्छिक संगठनों का महाकुंभ को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के 35 हजार से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान उनका संवेदनशील व्यक्तित्व फिर नजर आया। लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना शुरू कर चुकी मध्य प्रदेश सरकार अब अनाथ बच्चों के लिए योजना शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अनाथ बच्चों के लिए बड़ी योजना का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना सभी अनाथ बच्चों के लिए लागू की जाएगी। इसके तहत अनाथ बच्चों के लिए पेंशन, राशन, फीस और इलाज की व्यवस्था भी सरकार करेगी। सीएम शिवराज ने कहा कि मेरे रहते हुए कोई भी बच्चा अनाथ नहीं कहलाएगा।



### लाड़ली बहना योजना में ई-केवाईसी फ्री

सीएम शिवराज ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का फॉर्म भरने, ई-केवाईसी के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है। गांव-गांव में शिविर लगाकर फॉर्म भरे जाएंगे, ई-केवाईसी की जाएगी। ई-केवाईसी के लिए आपको कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा। वह शुल्क सरकार भरेगी। बहनों को किसी तरह के प्रमाण पत्र की जरूरत भी नहीं होगी, सभी प्रमाण पत्र सरकार उपलब्ध कराएगी।

### महाकुंभ के दौरान मुख्यमंत्री ने तीन बड़े ऐलान किए

**पहला** – शासकीय विभागों में जनभागीदारी के लिए जन अभियान परिषद नोडल ऐजेंसी होगी।

**दूसरा** – प्रत्येक NGO को जन अभियान परिषद के पोर्टल में पंजीकरण कराना जरूरी होगा।

**तीसरा** – योजनाओं के प्रचार-प्रसार और सर्वे के काम जन अभियान परिषद को भी सौंपे जाएंगे।

### अनाथ बच्चों के लिए योजना

बता दें कि मध्य प्रदेश सरकार कोविड-19 महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों के लिए मुख्यमंत्री कोविड बाल सेवा योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत वे बच्चे जिनके माता पिता महामारी में जान गंवा चुके हैं, वे पात्र हैं। इन बच्चों को सरकार प्रति माह 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता, निःशुल्क खाद्यान्न वितरण और शिक्षा सम्बन्धी सहायता प्रदान की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### छह वेदर सिस्टम सक्रिय, भोपाल, जबलपुर, उज्जैन समेत कई जिलों में बौछारें पड़ने के आसार

**भोपाल, यशभारत।** वर्तमान में अलगङ्कअलग स्थानों पर छह मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। इस वजह से अरब सागर एवं बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी आ रही है। जिसके चलते मध्य प्रदेश के अधिकतर शहरों में गरज-चमक के साथ वर्षा हो रही है। साथ ही दिन और रात के तापमान में मामूली गिरावट भी हो रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शनिवार को भी भोपाल, जबलपुर, शहडोल, नर्मदापुरम, सागर, उज्जैन संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। दक्षिण-पूर्वी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात मौजूद है। दक्षिणी राजस्थान पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। दक्षिण-पूर्वी राजस्थान से अरब सागर तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है। झारखंड से छत्तीसगढ़, विदर्भ होते हुए कर्नाटक तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है। इसके अतिरिक्त राजस्थान से उत्तर प्रदेश होते हुए झारखंड तक भी एक ट्रफ लाइन बनी हुई है। इन छह मौसम प्रणालियों के असर से मध्य प्रदेश के अधिकतर शहरों में वर्षा हो रही है। उधर रविवार को एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में प्रवेश करने जा रहा है। इस वजह से मध्य प्रदेश में अभी मौसम साफ होने के आसार नहीं हैं।

### पटवारी सहित छह लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**भोपाल यशभारत।** कोहेफिजा थाना पुलिस ने एक किसान की शिकायत पर एक पटवारी सहित छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। अदालत के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। आरोपितों ने जमीन के नक्शे में हेराफेरी करके फर्जी दस्तावेज तैयार कर किसान की जमीन हड़प ली थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक भैंसाखेड़ी निवासी 52 वर्षीय दौलत राम साहू किसान हैं। उनकी जमीन गांव से लगी हुई है। उनका आरोप है कि कोरोना काल के दौरान अगस्त 2021 में इलाके के पटवारी राजेन्द्र मीना ने भैंसाखेड़ी में रहने वाले अपने रिश्तेदार रामगोपाल मीना और उसके बेट अजय मीना, निलेश मीना, राजेश मीना और राकेश मीना के साथ मिलकर उनकी लगभग 15 डिसमिल जमीन का नक्शा खुर्दबुर्द कर बदल दिया। इसके बाद फर्जी दस्तावेज तैयार कर उक्त जमीन अपने रिश्तेदारों के नाम पर करा दी। आरोपितों ने इस दौरान फर्जी सील व साइन का इस्तेमाल किया। फरियादी के बेटे रजत साहू को वर्ष 2022 में धोखाधड़ी का पता तब चला, जब वह दूसरे पटवारी महेश मिश्रा से जमीन का नक्शा निकलवाने के लिए मिला। इसके बाद उन्होंने एसडीएम कोर्ट में जमीन का नक्शा दुरुस्ती के लिए अपील की थी। साथ ही जिला न्यायालय में परिवाद भी लगाया था।

### वर्ल्ड कप शूटिंग चैंपियनशिप आज से भोपाल में

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल फिर से तैयार है अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा के आयोजन के लिए। 20 से 27 मार्च तक भोपाल के बिसनखेड़ी स्थित मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शूटिंग चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए शनिवार को चीन सहित नौ देशों की टीमें भोपाल पहुंच गई है। राजा भोज विमानतल पर खेल अधिकारी वाणी साहू और शिप्रा श्रीवास्तव सहित कई लोग मौजूद थे।चीनी खिलाड़ियों ने भी इस मौके का भरपूर आनंद लिया। पहले दिन ब्राजील, दूसरे दिन सिंगापुर तथा तीसरे दिन शनिवार को चीन सहित कुल नौ टीमें राजधानी पहुंचीं। इसमें 55 सदस्?यीय चीन का दल भी शामिल है। इसके अलावा डेनमार्क 5,रोमानिया 2, मैक्सिको 1, मालदीव 2, साउदी अरब 8, यूएसए 9, चीनी ताइपे 3 व इंडोनेशिया 10 शामिल है। रविवार को लगभग सभी टीमों के भोपाल पहुंचने की उम्मीद है। पिछले माह खेलो इंडिया का सफल आयोजन मप्र में हुआ था, इसमें सबसे अधिक मुकाबले भोपाल में ही आयोजित हुए थे, इसलिए खेल विभाग इसे भी सफल बनाने के लिए रात दिन एक कर रहा है। उल्?लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 21 मार्च को शाम 6 बजे कुशभाउ ठाकरे सभागार में वर्ल्ड कप शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। इसमें 33 देशों के लगभग 325 शूटर्स और 75 से अधिक तकनीकी ऑफिशियल्स शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वर्ल्ड कप के लिए तैयार की गई वातानुकूलित इंडोर शूटिंग रेंज का वर्चुअल उद्घाटन के साथ ही नाथू बरखेड़ा में बन रहें अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्टस काम्पलेक्स का भूमि-पूजन भी करेंगे।

### सीएम शिवराज का राहुल गांधी पर हमला, बोले- इनसे ज्यादा समझदार तो हमारा बूथ कार्यकर्ता

**भोपाल, यशभारत।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर फिर हमला बोला है। उन्होंने राहुल गांधी को अपरिपक्व राजनेता करार देते हुए कहा कि उनसे ज्यादा समझदार तो भारतीय जनता पार्टी का बूथ का एक कार्यकर्ता है। शिवराज ने कहा कि राहुल गांधी मेयोर नहीं हैं, उनकी मानसिक आयु बच्चों जैसी है। लेकिन इस अपरिपक्व नेता को कांग्रेस वाले जबरन में राष्ट्रीय नेता बनाने पर तुले हुए हैं। आश्चर्य की बात है कि राहुल बाबा यह बोल रहे हैं कि दुर्भाग्य से मैं सांसद हूं। दुर्भाग्य से सांसद होने का क्या मतलब है...? क्या यह संसद का अपमान नहीं है..? संसद में भेजने वाली जनता का अपमान नहीं है..? क्या यह भारत के लोकतंत्र का अपमान नहीं है..?

## 15 करोड़ के पीएफ घोटाले के आरोप में जेल अधीक्षक उषा राज गिरफ्तार

### कर्मचारियों ने बजाए ढोल, फोड़े पटाखे

**भोपाल, ईएमएस।** केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के 100 कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों से 15 करोड़ रुपये की राशि गबन के मामले में शनिवार को पुलिस ने जेल अधीक्षक उषा राज को हिरासत में ले लिया। जेल कर्मचारियों ने जेल परिसर में ढोल बजाए और पटाखे फोड़े। शुक्रवार को जेल अधीक्षक को हटाकर भोपाल मुख्यालय अटैच किया गया था, वहीं देवास जेल अधीक्षक हिमानी को केंद्रीय जेल भैरवगढ़ का प्रभार सौंपा गया है। डीआइजी मंशाराम पटेल की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई है। केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों से जेल के सहायक लेखा अधिकारी रिपुदमनसिंह व शैलेंद्रसिंह सिकरवार ने 13 करोड़ रुपये से अधिक की राशि निकाल ली। आरोपितों ने जेल के लैंडलाइन नंबर खातों में जोड़ दिए थे। इससे गड़बड़ी का पता नहीं चले। करीब तीन साल से गबन किया जा रहा था। मामला सामने आने के बाद कोषालय के अधिकारियों ने रिपुदमनसिंह के खिलाफ केस दर्ज करवाया था। जेल डीजी अरविंद कुमार के निर्देश पर हुई जांच के बाद शुक्रवार को जेल अधीक्षक उषा राज को हटाकर भोपाल मुख्यालय अटैच कर दिया गया है वहीं देवास जेल अधीक्षक हिमानी मनवारे को उज्जैन जेल का प्रभार सौंपा गया है।



### जेल अधीक्षक बोली मैं कोई अपराधी नहीं

जेल अधीक्षक उषा राज को जब पुलिस गिरफ्तार कर लेकर जा रही थी उस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों पर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि वे कोई अपराधी नहीं हैं और न ही फरार हो रही हैं। वे खुद लड़ रही हैं। कानून सबके लिए है। महिला पुलिसकर्मियों ने जब उनका हाथ पकड़ा तो उन्होंने उसे झटकते हुए कहा कि हाथ मत पकड़ो। नई अधीक्षक ने संभाला प्रभारजेल अधीक्षक उषा राज को हटाने के साथ ही देवास की जेल अधीक्षक हिमानी मनवारे को उज्जैन की केंद्रीय जेल भैरवगढ़ का प्रभार सौंपा गया है। शनिवार को हिमानी उज्जैन पहुंची और उन्होंने जेल का प्रभार ग्रहण कर लिया।

### ३तीन नोटिस का जवाब नहीं, कार्यालय से ले गई पुलिस

जेल अधीक्षक की आइडी व पासवर्ड का उपयोग कर ही गबन कांड को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने जेल अधीक्षक उषा राज को बयान दर्ज करवाने के लिए तीन बार नोटिस जारी किए थे, मगर एक भी नोटिस का जवाब नहीं दिया और ना ही अपने बयान दर्ज करवाए थे। पुलिस कार्रवाई में सहयोग नहीं करने पर पुलिस ने शनिवार सुबह उषा राज को जेल परिसर में बने कार्यालय से उन्हें हिरासत में लिया और उन्हें थाने ले गई। जहां पुलिस ने उनके बयान दर्ज किए। इस पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी करवाई गई है। कार्यालय पहुंचकर किया हंगामाजेल अधीक्षक उषा राज शनिवार सुबह जेल परिसर में बने कार्यालय पहुंच गई थी। जहां उन्होंने जमकर हंगामा मचाया। कर्मचारियों पर आरोप लगाए कि उनके कारण ही ट्रांसफर हुआ है। इससे वे काफी नाराज हैं।

## वेल्डिंग करते समय दुकान में लगी आग, फर्नीचर जलकर खाक

**भोपाल ईएमएस।** निशातपुरा क्षेत्र में स्थित करोंद सब्जी मंडी में शनिवार दोपहर डेढ़ बजे फलों की दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग तेजी से फैली और धुआं के साथ ऊंची आग की ऊंची लपटें उठने लगी। यह देख आसपास के लोगों ने तुरंत फायर बिग्रेड कंट्रोल को सूचना दी। इससे मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड कर्मचारियों ने आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि आग लगने की इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। हालांकि इस आग की वजह से दुकान का फर्नीचर जरूर जलकर खाक हो गया।बताया जा रहा है कि दुकान में वेल्डिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक चिंगारी फर्नीचर के ज्?वलनशील पदार्थ को छू गई और आग लग गई। इससे फर्नीचर जलकर खाक हो गया लेकिन उसमें रखे फल आग की चपेट में आने से बच गए। फायर कर्मचारी पंकज यादव ने बताया कि मंडी में साजिद खान की फल दुकान है। जिसमें दोपहर डे? बजे अचानक आग लग गई। मौके पर पहुंचे तो दुकान के भीतर आग की तेज लपटें निकल रही थी। गांधी नगर, छोला और कबा?खाना फायर स्टेशन से भेजी गई दमकलों के जरिए आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया था।इधर, मिसरोद स्थित एक शोरूम में भी आग लग गई। इस कारण शोरूम का सामान जलकर राख हो गया। पांच से छह दमकलों ने आग पर काबू पाया।

## मध्य प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका हड़ताल पर, हजारों केंद्रों में बच्चों को नहीं बंटा खाना

**भोपाल,ईएमएस।** अपनी मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, पर्यवेक्षक और बाल विकास परियोजना अधिकारियों के सामूहिक अवकाश पर जाने से आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। प्रदेशभर में हजारों आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को नाश्ता-खाना नहीं बंट रहा है। सामूहिक अवकाश का असर अन्य योजनाओं के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्राथमिकता वाली लाड़ली बहना योजना पर भी पड़ सकता है। क्योंकि कार्यकर्ताओं ने आवेदन भरवाने की पूरी तैयारी कर रखी थी। उनके ड्यूटी पर रहते आवेदन भरवाना आसान होता। परियोजना अधिकारियों को 4800, पर्यवेक्षकों को 2600 ग्रेड-पे, संविदा पर्यवेक्षक को नियमित करने, पर्यवेक्षक-परियोजना अधिकारियों की पदोन्नति शुरू करने, परियोजना अधिकारी को आहरण-संवितरण के अधिकार देने सहित अन्य मांगों को लेकर कर्मचारी नाराज हैं।

### क्या हैं इनकी मांगें

मप्र आइसीडीसी परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक संघ संयुक्त मोर्चा के इंद्रभूषण तिवारी ने बताया कि मार्च 2022 में इन्हीं मांगों को लेकर आंदोलन करने पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने लिखित आश्वासन दिया था कि मांगें पूरी की जाएंगी। सरकार के प्रतिनिधि बनकर हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों से मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री के सलाहकार शिव चौबे, कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा, सुल्तान सिंह शेखावत ने भी मुख्यमंत्री से भेंट कराने का भरोसा दिलाया था, पर एक साल में कुछ नहीं किया। अब आर-पार का आंदोलन होगा।




### 70 हजार आंगनबाड़ी केंद्र बंद

उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के अवकाश पर होने से करीब 70 हजार आंगनबाड़ी केंद्र बंद हैं। मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी सहित अन्य योजनाओं का पंजीयन नहीं हो रहा है। खाना नहीं बंट रहा है। उन्होंने कहा कि आंदोलित कर्मचारियों ने सभी सरकारी ग्रुप छोड़ दिए हैं। जिन पर मैसेज आते थे। जल्द ही क्रमिक भूख हड़ताल भी शुरू कर रहे हैं। सांसद-विधायकों को भी ज्ञापन सौंप रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारी कह रहे हैं कि हड़ताल का असर नहीं है, तो एमआइएस की रिपोर्ट देख लें। आज ही 453 परियोजना अधिकारियों में से 11 और 3450 पर्यवेक्षकों में से 104 ड्यूटी पर पहुंचे हैं।

## दोनों में विभाग के अफसरों की लापरवाही-मिलीभगत 18 लाख 22 हजार स्टूडेंट का भविष्य दांव पर

# व्यापमं घोटाला बनाम MP बोर्ड पेपर लीक

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश सरकार के दामन से व्यापमं (व्यावसायिक परीक्षा मंडल) घोटाले का दाग अभी पूरी तरह धुला नहीं है। इसी बीच, माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10-12वीं के पेपर लीक भी सामने आ गया है। दोनों ही परीक्षाओं में शामिल प्रदेश के 18 लाख 22 हजार स्टूडेंट का भविष्य दांव पर है। गौर से देखें, तो व्यापमं घोटाला और एमपी बोर्ड पेपर लीक में बड़ा कनेक्शन है। व्यापमं घोटाले में विभाग से जुड़े लोग शामिल रहे। वहीं, एमपी बोर्ड पेपर लीक को भी विभाग से जुड़े लोगों ने ही अंजाम दिया है। मामले में शनिवार को 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एमपी बोर्ड की 10वीं, 12वीं की परीक्षा शुरू होने के साथ ही खबरें आने लगी कि पेपर लीक किया जा रहा है। हालांकि इसे अफवाह बताया गया। शिक्षा मंडल ने भले ही नकार दिया हो, लेकिन उसने 9 केंद्राध्यक्षों और सहायक केंद्राध्यक्षों को परीक्षा की विश्वसनीयता भंग करने के आरोप में सस्पेंड कर दिया। इसके बाद मंडल पर सवाल खड़े हो गए। इसी बीच, शनिवार को भोपाल में केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष के साथ दो पर्यवेक्षक (सरकारी स्कूल के शिक्षक) को पेपर लीक करने आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। इनकी गिरफ्तारी से साफ है कि पेपर विभाग के ही कर्मचारी-अधिकारी की मिलीभगत से लीक हुए। भोपाल के भानपुरा स्थित विद्यासागर स्कूल के परीक्षा केंद्र से चारों को पेपर लीक करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है।भोपाल के भानपुरा स्थित विद्यासागर स्कूल के परीक्षा केंद्र से चारों को पेपर लीक करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

### व्यापमं, एमपी बोर्ड पेपर लीक कांड में समानता

व्यापमं द्वारा आयोजित परीक्षाओं की शिकायतें सामने आती थीं। शुरू में इसे अफवाह बताकर पल्ला झाड़ते रहे। दबाव बनने पर जांच के नाम पर मामला बढ़ा दिया जाता। वजह साफ थी कि घोटाले में व्यापमं के सीनियर अफसर शामिल रहे। बाद में जांच के लिए गठित एसटीएफ ने इन्हें दबोचा। इसी तरह, माध्यमिक शिक्षा मंडल के अफसर पेपर लीक होने की सूचना अफवाह बताते रहे। यही नहीं, मंडल ने क्राइम ब्रांच में एफआईआर तक करा दी। पुलिस ने शनिवार को मंडीदीप से कौशिक दुबे को सोशल मीडिया पर बोर्ड एग्जाम का पेपर बेचने के आरोप में पकड़ा।

### पेपर लीक कांड में विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों कटघरे में

- हुकुम चंद लिटोरिया, प्रचार्य, शासकीय हाई स्कूल सिगौरा ब्लॉक घाटीगांव, ग्वालियर।
- बल सिंह चौहान, शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोकराटा, बड़वानी।
- दिलीप सिंह अवस्या, शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिंबी, बड़वानी।
- रमाशंकर अहिरवार, टीचर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक ईटखे?ी, रायसेन।
- निर्भय सिंह मवैदी, टीचर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक बीकलपुर, रायसेन।
- रेखा बैरागी, टीचर, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जीरापुर राजगढ़।
- राम सागर शर्मा, टीचर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजगढ़।
- विवेक कुमार लिटोरिया, टीचर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ग्वालियर।
- धनराज पाटीदार, टीचर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपल्याकुलसी, राजगढ़।
- पवन सिंह, विद्यासागर स्कूल परीक्षा केंद्र का पर्यवेक्षक, भोपाल
- विश्वनाथ सिंह, विद्यासागर स्कूल परीक्षा केंद्र का पर्यवेक्षक, भोपाल
- राजकुमार सक्सेना, केन्द्राध्यक्ष।
- रेखा गोयल, सहायक केन्द्राध्यक्ष।
- परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण काम में गोपनीयता और विश्वसनीयता में घोर लापरवाही बरती गई।
- परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण काम में गोपनीयता और विश्वसनीयता में घोर लापरवाही बरती गई।

# मुख्यमंत्री के निर्देश दरकिनार, 1750 में से महज एक हितग्राही को सहकारी समिति से प्लाट दिला पाए अधिकारी



**भोपाल,ईएमएस।** गृह निर्माण सहकारी समितियों में गड़बड़ी करने वालों पर अधिकारी मेहरबान हैं। आलम यह है कि इन अधिकारियों को जांच करने के लिए कहीं दस्तावेज नहीं मिल पा रहे हैं तो कहीं समिति के पदाधिकारी। ये अधिकारी यही हवाला देकर गड़बड़ी की तह तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।यह हालत तब हैं, जब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान खुद पीड़ितों को प्लाट दिलाने के निर्देश देते हुए फर्जीवाड़ा करने वाली समिति के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे, लेकिन डेढ़ साल का समय बीतने के बाद भी समितियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी। मुख्यमंत्री के कहने के बावजूद अधिकारी 1750 में से एक को ही प्लाट दिला पाए हैं, बाकी अन्य अब भी अपने हक के लिए चक्कर काट रहे हैं।मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार गृहनिर्माण समितियों में पात्रता के आधार पर भूखंड दिलाए जाने थे। अवैधानिक रूप से समितियों द्वारा बेची गई भूमि वापस ली जानी थी। रजिस्ट्री निरस्त करने के लिए न्यायालय में आवेदन करने थे। धोखाधड़ी करने वाले समिति पदाधिकारियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करानी थी। इसमें सहकारिता विभाग जिला उप पंजीयक से गड़बड़ी करने वाली समितियों की जानकारी जुटाई जानी थी। समितियों द्वारा अवैध रूप से बेची गई भूमि को वापस लेकर पात्र सदस्यों को आवंटित करनी थी। लेकिन इनमें एक भी बिंदु पर अमल नहीं हो सका।

### इन समितियों पर सबसे अधिक मेहरबानी

रोहित और गौरव गृह निर्माण समिति सबसे विवादित गृह निर्माण सहकारी समिति हैं। रोहित में 126 भूखंड अवैधानिक तरीके से बेच दिए। पात्र सदस्यों की जगह अपात्रों को न सिर्फ भूखंड का आवंटन किया, बल्कि उनकी रजिस्ट्री भी करा दी। इसी तरह गौरव गृह निर्माण समिति में 26 रजिस्ट्री गैर सदस्यों को कर दी गई। इस समिति का मामला विधानसभा में भी गूंजा था। इसके बाद कमेटी बनाई गई थी। जांच में पदाधिकारी दोषी पाए। बावजूद इसके किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी। खास बात यह है कि दोनों ही समितियों में अब भी रजिस्ट्री निरस्त करने की कार्रवाई महज कागजों में ही चल रही है।

### हिलटाप गृह निर्माण समिति

समिति की जमीन पर सरकारी कब्जे हैं। इसे हटाने के लिए सदस्य लंबे समय से प्रयास कर रहे हैं। बावजूद इसके आज तक इसे हटाने की कार्रवाई नहीं हो सकी। हालात यह हैं कि प्लाट की आस में कई सदस्यों की मृत्यु हो गई और अब उनके बेटे लड़ाई लड़ रहे हैं।

### समिति की जमीन पर बन गई कालोनी

आदर्श गृह निर्माण समिति की जमीन पर कोरल लाइफ नामक कालोनी का निर्माण कर दिया गया है। यहां ईडब्ल्यूएस की जगह पर डुप्लेक्स बना दिए गए हैं। बंधक प्लाट पर भी डुप्लेक्स बने हुए हैं। ओपन स्पेस पर भी मकान बना दिए गए हैं। समिति के 750 सदस्यों में से एक को भी प्लाट नहीं मिला। कारण है कि सोसायटी के कर्ताधर्ताओं ने जमीन इंदौर के किसी बिल्डर को बेच दी और बिल्डर ने यहां अपने हिसाब से कालोनी डेवलप की। यह शिकायत भी विभाग में धूल खा रही है।

### एक साल बाद भी नहीं मिली जानकारी

सहकारिता विभाग के उपायुक्त विनोद सिंह ने बताया कि एक साल पहले सभी गृह निर्माण समितियों को जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसमें समिति के चुनाव से लेकर सदस्य व प्लाटों की पूरी जानकारी तलब की गई थी। इस निर्देश के बाद भी सिर्फ वही समितियां आगे आई, जो पहले से जानकारी विभाग को दे रही हैं। वहीं, गड़बड़ी करने वाली एक भी समिति के पदाधिकारियों ने जवाब देना जरूरी नहीं समझा।

### अब तक की स्थिति में गृहनिर्माण समितियां

- संस्थाओं की संख्या – 580
- पीड़ित सदस्यों की संख्या – 1750
- पीड़ित सदस्यों को आवंटित भूखण्डों की संख्या 1
- कराई गई एफआइआर – एक भी नहीं
- धारा 76 (2) के तहत न्यायालय में दर्ज प्रकरणों की संख्या - एक भी नहीं
- धारा 58-बी के तहत पारित डिक्री के प्रकरणों की संख्या – एक भी नहीं
- अवैध, विक्रित भूखंड, भूमि वापस लाने के लिए दर्ज प्रकरणों की संख्या – 34
- संस्थाओं की संख्या जिनके द्वारा वेबसाइट बनाई गई – 32
- संस्थाओं की संख्या जिनकी जानकारी की प्रविष्टि विभाग के पोर्टल में की गई।



# रेल लाइन पर ब्रेकडाउन हुआ बाक्साइड से लोड हाइवा

## बड़ारी रेल फाटक अनिश्चितकाल के लिए बंद, मालगाड़ियों का आवागमन हुआ प्रभावित

**कैमोर,यशभारत।** कैमोर- झुकेही सड़क मार्ग पर आज सुबह बाक्साइड से लोड एक हाइवा में उस वक्त ब्रेकडाउन आ गया जब वह रेलवे लाइन पार कर रहा था। हाइवा की बीम टूट जाने के कारण वह ठीक रेल पटरियों के ऊपर ही बैठ गया। हाइवा क्रमांक यूपी एटी- 8090 कटनी के किसी ट्रांसपोर्ट व्यवसायी का बताया जा रहा जो बड़ारी के पास किसी खदान से बाक्साइड लेकर आ रहा था। रेल लाईन में हाइवा के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण रेलवे ने बड़ारी रेल फाटक अनिश्चितकाल के लिए बन्द कर दिया है जिससे मालगाड़ियों का आवागमन प्रभावित हुआ है। उल्लेखनीय है कि झुकेही-कैमोर रेल लाइन से एसीसी प्लांट आने-जाने वाली मालगाड़ी गुजरती है जो कोयला, सीमेंट, क्लिंकर, फ्लाई ऐश आदि का परिवहन करती हैं।

# अब निर्धारित रूट पर ही चलेंगे सवारी आटो

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया निर्णय



**कटनी,यशभारत।** सड़क यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाने की दृष्टि से जिला सड़क सुरक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति अध्यक्ष एवं कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिसमें सड़क यातायात को सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक में एसपी सुनील जैन, ईई पीडब्ल्यूडी हरी सिंह, प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआई सुमेश बाझल, आयुक्त ननि सत्येंद्र धाकरे, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रमा दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, सीएसपी विजय सिंह, यातायात थाना प्रभारी विनोद दुबे आदि की मौजूदगी रही।

### पार्किंग व्यवस्था और अतिक्रमण हटाने पर जोर

सुगम यातायात के लिए मुख्य चुनौती बनी पार्किंग व्यवस्था और अतिक्रमण हटाने को लेकर बैठक में सबसे अधिक जोर दिया गया। शहर में व्यवस्थित पार्किंग के लिए स्थल चयन पर चर्चा की गई, साथ ही पूरी कार्ययोजना बनाकर अस्थाई और स्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम और पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए। यातायात को सुगम बनाने के लिए ई रिक्शा सहित सभी सवारी ऑटो के लिए भी रूट निर्धारित करने के लिए भी यातायात पुलिस को निर्देशित किया गया। साथ ही ओवरलोड ऑटो पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

### स्कूल वाहनों की जांच के लिए चलाएं अभियान

स्कूल बसों सहित सभी स्कूली बसों की जांच के लिए परिवहन विभाग और यातायात पुलिस को संयुक्त अभियान चलाने निर्देशित किया गया।

### डिवाइडर तोड़ने वालों पर की जाए कार्यवाही

राजमार्ग और मुख्य मार्ग में बने डिवाइडर को अनाधिकृत तरीके से तोड़ कर रास्ता बनाने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश कलेक्टर श्री प्रसाद ने संबंधित विभाग प्रमुखों को दिए। इसके अलावा मुख्य मार्ग और लिंक मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाने, ब्रेकर संबंधित बोर्ड लगाने, बाईपास में उचित प्रकाश व्यवस्था करने, शहर के भीतरी मार्गों और मुख्य मार्गों पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए चिन्हित हॉट स्पॉट पर एक्सीडेंट रोकने कार्ययोजना बनाकर पर्याप्त इंतजाम करने आदि के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित विभाग प्रमुखों को दिए।

# सड़क निर्माण हेतु तीसरी बार निविदा की कार्यवाही की तैयारी

**कटनी,यशभारत।** उमरियापान पकरिया सड़क पर चलना होता जा रहा दूभर के संबंध में जानकारी प्राप्त होते ही कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) कटनी संभाग जिला कटनी को मामले की जाँच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के अनुपालन में वस्तुस्थिति की जांच हेतु विभाग द्वारा अवगत गया है कि उमरियापान पकरिया सड़क लम्बाई 2.78 कि.मी. में वी. टी नवीनीकरण हेतु दिनांक 24 फरवरी को व्दितीय बार निविदा आमंत्रित की गई है, जिसे दिनांक 10 मार्च को खोली जानी थी। किन्तु उक्त कार्य हेतु कोई निविदा प्राप्त नहीं हुई है जिसके कारण पुनः तृतीय बार निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जा रही है। निविदा प्राप्त एवं स्वीकृत होने पर ही उमरियापान पकरिया मार्ग का कार्य कराया जायेगा।

# 24 घंटे के भीतर शुरू कराई पेंशन, राशन भी दिलाया

## समस्याओं का निराकरण होते ही दर दर भटक रही मां -बेटी के खिल उठे चेहरे



**कटनी,यशभारत।** अपने पति की मौत के बाद अपनी पुत्री के साथ दर दर भटक रही एक महिला जब अपनी समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची, तो उसकी समस्याओं के बारे में जानकर कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद ने तत्काल उससे मुलाकात की और बिना कोई पल गंवाए उसकी समस्याओं का समाधान किया। जिसके बाद पीड़ित महिला और उसकी पुत्री के चेहरे पर लंबे अंतराल के बाद मुस्कान खिल उठी।

### डेढ़ वर्ष से नहीं मिला था राशन

ग्राम भदौरा निवार निवासी कलशी बाई अपने पति जवाहर सिंह गौड़ की मौत के बाद से लगातार आर्थिक समस्या से जूझ रही थी। डेढ़ वर्ष से राशन न मिलने और विधवा पेंशन न मिलने से उसके सामने भुखमरी की समस्या आ खड़ी हुई थी। सहायता के लिए दर दर भटकने के बाद गत दिवस वह अपनी पुत्री रीता के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां उसका आवेदन सामने आते ही कटनी अवि प्रसाद ने उसे बुलाकर उसकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल उसकी समस्याओं का प्रभावी निराकरण कराया। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के बाद 24 घंटे के भीतर ही उसे मार्च माह का राशन शासकीय उचित मूल्य की दुकान के माध्यम से उपलब्ध कराया गया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में जुड़ा नाम

कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के बाद 24 घंटे के भीतर ही महिला कलशी बाई की विधवा पेंशन का प्रकरण स्वीकृत हुआ और उसकी पेंशन प्रारंभ हुई। प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता रखने के बावजूद नाम न जुड़ने की जानकारी लगने पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने महिला का नाम हितग्राही सूची में जोड़ने के भी निर्देश दिए। जिसके परिपालन में 24 घंटे के भीतर ही संबंधित विभाग द्वारा सर्वे करा कर उसका नाम जोड़ा गया। वर्षो की अपनी समस्याओं का कलेक्टर श्री प्रसाद से मिलने के बाद महज 24 घंटे में हुए निराकरण से मां बेटी के चेहरे खिल उठे।



# जवाहर नवोदय विद्यालय में रैगिंग रोकने एंटी रैगिंग सैल का गठन

**कटनी,यशभारत।** आयुक्त नवोदय विद्यालय समिति शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार (स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग) द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कलेक्टर ने जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में रैगिंग रोकने हेतु एंटी रैगिंग सैल का गठन किया जाकर निदेशानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा हेतु गठित एंटी रैगिंग सैल मे मनीष शुक्ला तहसीलदार बड़वारा, अनिल झामनानी बी.एम.ओ. बड़वारा, रजनीश सोनी शासकीय अधिवक्ता कटनी, प्रकाश कुमार ठाकुर उप प्राचार्य, बी.पी. शुक्ला सीनियर टीचर, श्रीमती रेनुका भारद्वाज सीनियर टीचर, कविता श्रीवास्तव काउन्सलर, पुष्पेन्द्र पटेरिया पी.टी.ए. प्रतिनिधि और चेतना राय पी.टी.ए. प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। विदित हो की विगत दिवस जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में कई गंभीर अनियमितता और अव्यवस्था पाए जाने पर कलेक्टर एवं अध्यक्ष जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति अवि प्रसाद द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। उल्लेखनीय है कि जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में कई गंभीर अनियमितताओं और अव्यवस्थाओं के व्याप्त होने की शिकायत कलेक्टर को प्राप्त हुई थी।

# 1165 किलो महुआ लाहन सहित 115 लीटर अवैध मदिरा जप्त



**कटनी,यशभारत।** जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण परिवहन विक्रय निर्माण रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर अवि प्रसाद के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी आर.के. बघेल के निर्देशन में आबकारी वृत्त बहोरीबंद के ग्राम कैमोरीहार, घुघराहार में परमानन्द कोरचे, सहायक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आबकारी की टीम ए द्वारा की गई कार्यवाही में कुल जप्ती 1165 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 115 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा के कुल 6 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लहान तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 75 हजार 500 रूपये है। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक केशव प्रसाद उईके, के के पटेल, महेन्द्र कुमार शुक्ला, आबकारी आरक्षक शिवमूरत नामदेव, कैलाशनाथ नामदेव, राम सिंह, धरमू काछी सम्मिलित रहे। इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



# लाडली बहना के लिए निःशुल्क केवाईसी सुविधा उपलब्ध करा रहा तपस्या ग्रुप

**कैमोर,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जब से प्रदेश में लाड़नी बहना योजना की घोषणा की गई है तब से इस योजना को लेकर महिलाओं में इस योजना का लाभ पाने होड़ सी मच गई है। योजना में समग्र आई डी सहित आधार कार्ड का बैंक खाते से लिंक होना जैसी कुछ शर्तें निर्धारित की गई है। जिन्हें पूरा करने महिलाएं भारी संख्या में केवाईसी अपडेट करने वाले सेंटरों में उमड़ रहीं हैं।

महिलाओं को यहां-वहां भटकना न पड़े और आसानी से उनके द्वारा चाहे गए दस्तावेज उपलब्ध हो जाए इस उद्देश्य को लेकर कैमोर नगर के वार्ड क्रं. 4 की पार्षद ऋचा मनीष नवैत एवं तपस्या ग्रुप द्वारा वार्ड क्रं. 4 स्थित तपस्या कार्यालय में लाडली बहना योजना की पात्र महिलाओं के केवाईसी के लिए निःशुल्क सेंटर खोला गया है। जहां नगर की महिलाएं इस योजना का लाभ उठा रहीं हैं। लाडली बहना योजना के अलावा यहां महिलाओं के लिए आयुषमान कार्ड एवं अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराईं जा रहीं।



# नन्हे बच्चों ने बनाई आकर्षक पाम पेटिंग

**कटनी,यशभारत।** सनशाइन एकेडमी राहुलबाग में पाम पेंटिंग एक्टिविटी का आयोजन किया गया जिसमें हमारे नन्हे बच्चों ने अपने नन्हे हाथों से अपने हाथों का उपयोग करके हाथों की आकृति पेपर बनी तितली को रंग किया और अपनी नन्हे हाथो की आकृति छापी बच्चे इस एक्टिविटी को करके बहुत ही उत्साहित नजर आए बहुत ही खुश थे इस एक्टिविटी के उद्देश्य से बच्चों को रंगों से परिचित करवाया आकृतियों से परिचित किया गया करवाया गया सभी बच्चों ने आपस में मिलजुल कर इस एक्टिविटी को किया इस एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों मे सामाजिकता का ज्ञान वा अपने मित्र के साथ आनंद लेता एक दूसरे को देख कर बच्चे जल्दी सीखते हैं और उन्होंने इस एक्टिविटी को इंजॉय किया शिक्षिकाओं ने बच्चों का मार्गदर्शन किया स्कूल की निर्देशिका जूही जैन वा वाइस प्रिंसिपल शबनम अख्तर की उपस्थिति बनी रही उन्होंने बच्चों की सराहना की और अपना आशीर्वाद दिया।

# जांच के बाद ही प्रसव के लिए महिला को कर दिया रिफर

## लापरवाही पर एएनएम को कारण बताओ नोटिस




**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा प्रसव के मामलों की नियमित निगरानी और समीक्षा के बाद स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बरती गई लापरवाही पर सी.एम.एच.ओ को संबंधित स्वास्थ्य कर्मी से स्पष्टीकरण तलब करनें के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के बाद ब्लॉक बडवारा की उपस्वास्थ्य केन्द्र इटौरा मे पदस्थ ए.एन.एम संगीता जायसवाल द्वारा 15 मार्च को गर्भवती महिला को सी.एच.सी बरही से 108 एम्बुलेंस वाहन द्वारा जिला चिकित्सालय कटनी प्रसव हेतु रेफर किये जाने तथा ए.एन.सी के दौरान गर्भवती की मात्र 2 जांच किये जाने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रदीप मुड़िया द्वारा उपस्वास्थ्य केन्द्र इटौरा ब्लॉक विजयराघवगढ़ में पदस्थ एएनएम संगीता जायसवाल को कारण बताओ नोटिस जारी कर उपरोक्त संबंध में अपना स्पष्टीकरण दो दिवस में प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित किया है। विदित हो कि कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने सहित प्रसव के रेफरल प्रकरणों की निरन्तर समीक्षा की जा रही है। विगत दिवस आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद ने स्वास्थ्य महकमें को दो टूक हिदायत दी थी कि प्रसव के रेफरल प्रकरणों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। गर्भवती महिला की ए.एन.सी के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत सभी जांचें करने तथा इन सब मामलों में कोताही बरतने पर कड़ी कार्यवाही किये जानें के निर्देश दे रखे है।



# ग्रेजुएशन सेरेमनी

**कटनी,यशभारत।** फर्स्ट स्टेप एकेडमी में ग्रेजुएशन सेरेमनी का भव्य आयोजन जिसमें अभिभावक एवं छात्रों ने काफी संख्या में उत्साह पूर्वक भाग लिया सत्र 2022-23 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जिसमें सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी सर्वश्रेष्ठ अनुशासन सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता एवं अनेकों पुरस्कार से छात्रों को सम्मानित किया विद्यालय निर्देशक श्रीमती नीतू लालवानी ने अभिभावकों का आभार प्रगट कर बच्चों को प्रगति करने के अनेक तरीकों से अवगत करा कर अपना आशीर्वाद दिया।

# कैच द रैन के तहत हुआ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन






**कटनी,यशभार।** युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार तत्वधान में बड़वारा ब्लॉक के ग्राम पंचायत चपहनी कि शासकीय प्राथमिक शाला में राष्ट्रीय जल मिशन कैच द रैन तृतीय चरण अभियान के तहत रंगोली कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमें रंगोली के माध्यम से वर्षा के जल को कैसे बचाएं एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें रानी दुर्गावती महिला मंडल चपहनी के सदस्यों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक नरेंद्र कुमार कुशवाहा की अगुवाई में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित नरेंद्र कुमार कुशवाहा, चंदन पाटकार, भागवती कुशवाहा, प्रियंजली परौहा, अंजली, विश्वकर्मा, संध्या पाल, राजकुमारी विश्वकर्मा, रिंकी पाल, काजल विश्वकर्मा, कविता केवट, रिजवाना बी इत्यादि उपस्थिति रहे।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
Mittal MALL
Paytm
book my show
From 17th March 2023




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# IPL से बहुत पीछे PSL, दोनों की नहीं हो सकती तुलना, प्राइज मनी में है जमीन-आसमान का अंतर





**नई दिल्ली, एजेंसी।** IPL दुनिया की सबसे ज्यादा देखे जाने वाली क्रिकेट लीग है। इंडियन प्रीमियर लीग और पाकिस्तान सुपर लीग की हमेशा से ही तुलना होती आई है। क्रिकेट के क्षेत्र में भारत और पाकिस्तान के कट्टर प्रतिद्वंद्वी होने के कारण अक्सर दोनों देशों के टी20 लीगों के बीच तुलना की जाती है। आईपीएल की शुरुआत साल 2008 में हुई। वहीं, पीएसएल की शुरुआत साल 2016 में हुई है। आइए जानते हैं, खिताब जीतने पर IPL और PSL में क्या पाइज मनी मिलती है?

### प्राइज मनी में है बड़ा अंतर

आईपीएल 2022 का खिताब हार्दिक पांड्या की कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने जीता था। तब उन्हें 20 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिली थी। वहीं, रनर-अप रहने वाली राजस्थान रॉयल्स को 12.5 करोड़ रुपये मिले थे। वहीं, पाकिस्तान सुपर लीग का खिताब जीतने वाली लाहौर कलंदर्स की टीम को सिर्फ 3.4 करोड़ रुपये ही मिले हैं और रनर-अप रहने वाली मुल्तान सुल्तांस को 1.5 करोड़ रुपये मिले हैं। आईपीएल और पीएसएल की प्राइज मनी में जमीन आसमान का अंतर है। आईपीएल में 10 टीमें भाग लेती हैं। वहीं, पीएसएल में 6 टीमें भाग लेती हैं।

### लाहौर ने जीता खिताब

PSL 2023 का खिताब शाहीन अफरीदी की कप्तानी वाली लाहौर कलंदर्स ने जीता लिया। फाइनल में लाहौर ने मुल्तान सुल्तांस को 1 रन से पटखनी दी। लाहौर कलंदर्स का पाकिस्तान सुपर लीग में ये लगातार दूसरा खिताब है। फाइनल मुकाबले में लाहौर कलंदर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन बनाए, जिसके जवाब में मुल्तास सुल्तांस की टीम सिर्फ 199 रन ही बना पाई। लाहौर के लिए कप्तान शाहीन ने कमाल का खेल दिखाया। उन्होंने 15 गेंदों में 44 रन बनाए, जिसमें 5 लंबे छक्के शामिल थे। इसके बाद उन्होंने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 4 विकेट झटके।

### आखिरी ओवर में ऐसा था रोमांच

मुल्तान सुल्तांस की टीम को आखिरी ओवर में जीतने के लिए 13 रनों की जरूरत थी और खुशदिल शाह बल्लेबाजी कर रहे थे। वहीं, लाहौर के लिए गेंदबाजी की कमान जमान खान ने संभाली। खुशदिल ने पांचवी गेंद पर चौका लगाया और आखिरी गेंद पर भी मुल्तान को चार रनों की जरूरत थी, लेकिन वह सिर्फ दो रन ही बना पाए और रन आउट हो गए।

## काउंटी क्रिकेट खेलेंगे अर्शदीप : केंट ने 5 मैचों के लिए बुलाया, जून और जुलाई में होंगे मुकाबले

**मुंबई,ईएमएस।** टीम इंडिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह काउंटी चैंपियनशिप में खेलेंगे। वे जून और जुलाई में केंट के लिए 5 मुकाबलों में खेलते हुए नजर आएंगे। अर्शदीप सरे, वारविकशायर, नॉर्थम्पटनशायर, एसेक्स और नॉटिंघमशायर के खिलाफ खेलेंगे। केंट टीम ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर यह घोषणा की। केंट ने लिखा, केंट क्रिकेट को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह जून और जुलाई के बीच काउंटी चैंपियनशिप के पांच मैचों में टीम के लिए उपलब्ध रहेंगे। अर्शदीप ने कहा कि उन्होंने भारत के मौजूदा पुरुष कोच राहुल द्रविड़ से केंट के बारे में अच्छी बातें सुनी हैं। द्रविड़ साल 2000 में क्लब के लिए खेले थे। अर्शदीप ने कहा, मैं इंग्लैंड में रेड-बॉल क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हूं और प्रथम श्रेणी के खेल में सुधार करना जारी रखूंगा। राहुल द्रविड़ ने मुझे पहले ही बता दिया है कि इस क्लब का इतिहास शानदार है।

# होप एकदिवसीय में वेस्टइंडीज की ओर से सबसे अधिक शतक लगाने वाले चौथे खिलाड़ी बने

## युवराज के रिकार्ड की बराबरी पर पहुंचे

**ईस्ट लंदन (ईएमएस)।** वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज शाई होप ने द. अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय में शानदार शतक लगाया। होप ने 115 गेंदों में पांच चौके और सात छक्कों की मदद से 128 रन बनाए। इससे उनकी टीम ने 8 विकेट पर 335 रन बनाये। होप का यह 14वां शतक है। इसी के साथ वह वेस्टइंडीज की ओर से एकदिवसीय प्रारुप में सबसे अधिक शतक लगाने वाले



खिलाड़ियों में चौथे स्थान पर पहुंच गये हैं। होप ने अपने इस शतक के साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह के रिकार्ड की भी बराबरी कर ली है। युवराज ने 304 एकदिवसीय में 14 शतक लगाए थे जबकि वहीं होप ने 105वें एकदिवसीय में ही यह आंकड़ा हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज की ओर से सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकार्ड क्रिस गेल के नाम है। गेल ने एकदिवसीय में 25 शतक लगाये हैं। 19 शतक के साथ ही दूसरे नंबर पर ब्रायन लारा हैं। वहीं डेसमंड हेंस 17 शतक के साथ तीसरे और 14 शतक के साथ ही शाई होप चौथे व 11 शतक के साथ ही गार्डन ग्रीनिज पांचवें स्थान पर हैं। होप ने 115 गेंदों में पांच चौके और सात छक्कों की मदद से 128 रन बनाए। उन्होंने निकोल्स पूरण और रोवमैन पॉवेल के साथ अच्छी साझेदारियां कर टीम को 335 तक पहुंचाया। इस मैच में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज बेबस नजर आए। गेराल्ड कोएट्जी की सफल रहे और उन्होंने 57 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि फॉर्च्यून और शम्सी ने 2-2 विकेट लिए।

# एडवोकेट प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट चरम पर



**जबलपुर, यशभारत।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वावधान में रानीताल मैदान में खेली जा रही एडवोकेट प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले गए पहले मैच में टीम रॉयल ब्लू ने टीम व्हाइट को 9 रनों से पराजित किया पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम टीम रॉयल ब्लू ने 112 रन का लक्ष्य दिया जिसमें हरजोत ने 45 रन बनाए टीम वाइट की तरफ से गेंदबाजी करते हुए जेपी ने दो विकेट लिए जवाब में तीन वाइट 103 रन ही बना सकी जिसमें महेंद्र सर्वाधिक 24 रन बनाए टीम रॉयल ब्लू की तरफ से गेंदबाजी करते हुए शुभम ने एक विकेट लिया हरजोत को मैन ऑफ द मैच चुना गया दिन के खेले गए दूसरे मैच में टीम ग्रीन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 93 रन का लक्ष्य दिया जिसमें संकल्प कोचर ने सर्वाधिक 36 रन बनाए टीम रेनबो की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अभिषेक सिंह ने एक विकेट लिया जवाब में बल्लेबाजी करते हुए टीम रेनबो ने 9 विकेट से मैच को जीत लिया टीम की ओर से रणवीर सिंह परिहार ने सर्वाधिक 26 रन बनाए टीम ग्रीन की तरफ से गेंदबाजी करते हुए श्रेयस पंडित 1 विकेट लिया रणवीर सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया दिन के खेले गए तीसरे मैच में टीम डायमंड ने पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए 81 रन बनाए जिसमें कुस सिंह ने सर्वाधिक 33 रन बनाए टीम सनराइज की तरफ से गेंदबाजी करते हुए यश ने दो विकेट लिए जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सनराइज ने 5 विकेट से लक्ष्य को हासिल कर लिया टीम की तरफ से सर्वाधिक 30 रन दिवाकर ने बनाए टीम डायमंड की तरफ से गेंदबाजी करते हुए राशिद ने दो विकेट लिए दिवाकर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तभी पुरस्कार जिला आदिवासी अधिवक्ता संघ के पूर्व उपाध्यक्ष एडवोकेट एचएनआईडी एवं वरिष्ठ क्रिकेटर मनोज ठाकुर द्वारा प्रदान किए गए इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के सचिव राजेश तिवारी राजेश तिवारी बाबा पड़ता है शैलेंद्र यादव गोपाल पटेल पवन शर्मा एवं रंजीत आदि अधिवक्ता गण उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

# पमरे के आरिफ व हसन अखिल भारतीय अंतर रेल हॉकी में अम्पायर नामित

**जबलपुर,यशभारत।** ग्वालियर म.प्र. में आयोजित होने वाली 80वी अखिल भारतीय अंतर रेल हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता हेतु पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल के श्री आरिफ अली को तकनीकी अधिकारी व श्री हसन



अली को एम्पायर नामित किया गया है। अंतर रेल हॉकी प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी। साथ ही साथ इस प्रतियोगिता में हिन्दुस्थान के नामी खिलाड़ी जिन्होनें अंतरराष्टीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर न केवल हिन्दुस्थान का नाम रोशन किया है वरन् हॉकी को एक नई पहचान दी है। वे सभी हॉकी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। उक्त प्रतियोगिता के सफल व सुचारु रुप से संचालन हेतु रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल में पदस्थ श्री आरिफ अली को तकनीकी अधिकारी व श्री हसन अली को एम्पायर नामित कर पश्चिम मध्य रेल को गौरवान्तित किया है।

# विनय डेरिया का कमाल

## नेपाल में विश्व स्ट्रेंथलिफ्टिंग एवं इन्कलाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**जबलपुर यशभारत।** नेपाल में आयोजित विश्व स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैपियनशिप में भारतीय स्ट्रेंथ-लिफ्टर विनय डेरिया ने फिजिकली चैलेंज्ड केटेगरी में कांस्य पदक जीता। विश्व चैपियनशिप का आयोजन नेपाल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग फेडरेशन ने मार्च 10 से 13, 2023 तक किया गया। विनय डेरिया ने बताया कि इस अंतर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्री लंका, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान के साथ 15 अन्य देशों ने भाग लिया। विनय अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच गौरव वाशिंगटन, नईम खान के साथ परिवार एवं अपने दोस्तों को दिया है।विनय ने अपनी द्रण इच्छाशक्ति और आत्मा विश्वास के दम पर अपनी शारीरिक अपंगता को नकारते हुए पिछले दस सालों में अपने आप को



स्थानीय स्तर की प्रतियोगिता से शुरुआत कर आज विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर सफलता हासिल की है। इसके पूर्व विनय को सिक्किम स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन ने उनके द्वारा स्ट्रेंथ लिफ्टिंग खेल एवं खिलाड़ियों को बढ़ावा देने एवं प्रोत्साहन देने के लिए फ्रेंड गार्डियन (मित्र पालक) के पद से सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर जबलपुर के प्रथम नागरिक, खेल प्रेमी महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने विनय डेरिया को बधाई दी। श्री जगत बहादुर ने विनय डेरिया को उनकी सफलता और खेल के प्रति लगाव एवं खिलाड़ियों के प्रोत्साहन की भावना को सराहा। उन्होंने कहा कि विनय एक अच्छे खिलाड़ी होने के साथ युवाओं के लिए प्रेरणा के स्त्रोत है। विनय की सफलता पर एम. पी. स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सतीश यादव, सचिव भूपेंद्र पांडे डॉ प्रशांत मिश्रा, मोहम्मद नईम आदि एवं नगर के समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

## रंग संसार

# एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना ने लगाई नकली मूंछ

## शेफ संजीव कपूर ने की मूंछ की तारीफ, कहा - आप आउटस्टैंडिंग लग रहीं हैं

**मुंबई, ईएमएस।** हाल ही में एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना ने सोशल मीडिया पर शेफ संजीव कपूर के साथ अपने इंटरव्यू की क्लिप शेयर की। इस दौरान ट्विंकल ने उनकी कुकिंग और रेसिपीज पर बात की। ट्विंकल खन्ना ने संजीव कपूर से ये भी पूछा की क्या उनपर कोई बायोपिक भी बन रही है ? इसपर ट्विंकल ने पुछा की अगर उनकी बायोपिक बनती है, तो वो संजीव कपूर के तौर पर किसे कास्ट होते देखना चाहेंगे ? ये वीडियो इंटरव्यू ट्वीक इंडिया के यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किया गया है।इस पर संजीव ने पूछा की अक्षय कुमार कहां हैं ? तब ट्विंकल ने एक फेक प्रोप वाली मूंछ लगाकर कहा- अक्षय इसे (मूंछ) लगाकर बिलकुल संजीव लगेंगे। संजीव कई सालों से अपनी सिग्नेचर मूंछें कैरी कर रहे हैं।





### मूंछ हो तो नाथूलाल जैसी..वरना न हो

इसके बाद ट्विंकल खन्ना ने खुद अपने फेस पर नकली मूछें लगाई। इस पर संजीव बोले- आप आउटस्टैंडिंग लग रहीं हैं। फिर ट्विंकल ने संजीव को बताया- जब मैं छोटी थी, मेरी मां मुझे चि?ाया करती थी क्योंकि मेरी नेचुरल मूछें थीं। वो कहती थी कि मूंछ हो तो नाथूलाल जैसी हो, वरना न हो। वीडियो में ट्विंकल ने संजीव कपूर के साथ कुकिंग कॉम्पिटिशन के दौरान ये मूंछ लगातार लगाई हुई है। कॉम्पिटिशन खत्म होने के बाद ही ट्विंकल ने मूंछ उतारकर रखी। इसके बाद उन्होंने कहा- 'मूंछ हो तो नाथूलाल जैसीज्तब तक जब तक हम टीवी पर आने वाली सबसे पॉपुलर मूंछ की बात न कर रहे हों।



# करीना जब पपाराजी को देती हैं पोज तो पति सैफ अली खान कैसे करते हैं रिएक्ट ? एक्ट्रेस ने किया खुलासा

**मुंबई, ईएमएस।** करीना कपूर और सैफ अली खान को बॉलीवुड के पावर कपल्स में शुमार किया जाता है। दोनों जब भी और जहां भी नजर आते हैं, पपाराजी उन्हें अपने कैमरों में कैद करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। कई बार करीना भी पपाराजी को पोज देती हैं। लेकिन जब करीना ऐसा करती हैं तो पति सैफ अली खान कैसे रिएक्ट करते हैं? वह क्या कहते हैं? इसका खुलासा करीना ने किया है। एक वीडियो सामने आया था, जिसमें पपाराजी उन्हें फॉलो करते हुए कपल की बिल्डिंग में घुस गए थे। तब सैफ ने गुस्से में आकर कह दिया था कि हमारे बेडरूम तक आ जाइए। करीना से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने और सैफ ने पपाराजी के साथ कोई बाउंड्री सेट की हुई हैं? या जब वह पोज देती हैं तो सैफ कैसे रिएक्ट करते हैं?

### पपाराजी के लिए यह बोलीं करीना

जवाब में करीना ने च्जूमज् से बातचीत में कहा, च्मैं कोई लाइन नहीं खींच रही हूं। बल्कि मैं तो हमेशा से ऐसी रही हूं कि चलो...अगर वो हमें क्लिक कर रहे हैं तो करने दो। मैं सोचती हूं कि करूं तो करूं क्या? जितनी भी कोशिश करूं....और फिर आप जानते हैं कि मैं और सैफ एकदम ईमानदार रहे हैं। जो हैं मुंह पर हैं। लेकिन हां, कई बार किसी पपाराजी को लगता है तो वह हमारी बिल्डिंग में आ जाते हैं और फिर कुछ चीजें करने लगते हैं। वो हमारे बच्चों को एक्स्ट्रा-करिकुलर एक्टिविटीज के लिए जाते हुए क्लिक करते हैं। जैसा कि सैफ ने कहा कि हम उनसे (पपाराजी) से रिक्वेस्ट करते हैं कि वो बस यही चीज न करें।ज

### करीना का पपाराजी को पोज, सैफ का रिएक्शन

करीना ने आगे बताया कि जब वह पपाराजी को पोज देती हैं तो सैफ कैसे रिएक्ट करते हैं। वह बोलीं, च्सैफ बोलते हैं कि तुम तो हमेशा ही पोज देती रहती हो और मैं बोलती हूं कि हां, मैं पोज देती हूं। सैफ तुम भी प्लान में शामिल हो जाओ। तुम भी पोज दो। सैफ एकदम शांत रहने की कोशिश करते हैं और चलते हुए कहते हैं कि तुम पोज क्यों दे रही हो? लेकिन मैं बोलती हूं कि चिल, ये मैं हूं। ऐसी ही हूं।

# डांस मूव्स से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया आलिया ने



**मुंबई, ईएमएस।** स्टूडेंट ऑफ द ईयर, हाईवे, गंगूबाई काठियावाड़ी, ब्रह्मास्त्र- पार्ट वन - शिवा जैसी फिल्मों के लिए पहचानी जाने वाली बालीवुड एक्ट्रेस आलिया भटट ने हाल ही में केसरिया, नाचो नाचो और ढोलिदा जैसे गानों पर परफॉर्म किया। ट्रक के ऊपर डांस करते हुए अवॉर्ड समारोह में एंट्री करने वाली आलिया ने अपने डांस मूव्स से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा-मैं वास्तव में लगभग चार से अधिक वर्षों के बाद प्रदर्शन कर रही हूं और संयोग से, आखिरी बार मैंने जी सिने अवार्डस में ही परफॉर्म किया था, तो यह घर वापस आने जैसा है। मैं काफी नर्वस था क्योंकि मैं बहुत लंबे समय के बाद कोई स्टेज एक्ट कर रही थी, लेकिन भीड़ के प्यार और ऊर्जा ने मेरे लिए इसे थोड़ा आसान बना दिया। आलिया के अलावा, रश्मिका मंदाना ने जी सिने अवार्डस 2023 के दौरान श्रीवल्ली, माइंड ब्लॉक, रंजीथम और सामी सामी जैसे लोकप्रिय ट्रैक पर प्रस्तुति दी।

# सिक्योरिटी हटते ही सलमान को मार दूंगा

## लॉरेंस बिश्नोई ने फिर उगली आग; बोला- बचपन से है सलमान को मारने का मंसूबा..उनका अहंकार रावण जैसा

**मुंबई, एजेंसी।** जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई ने सलमान खान के खिलाफ फिर से आग उगली है। उसने जेल में बैठ कर टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में सलमान खान को धमकी दी है। लॉरेंस का कहना है कि उसके मंसूबे सलमान के खिलाफ सही नहीं हैं। लॉरेंस ने कहा है कि जिस दिन सलमान की सिक्योरिटी हटी वो उनके जीवन का अंतिम दिन होगा।

### बचपन से ही सलमान को मारने के फिराक में हूं

लॉरेंस ने दो दिन पहले एबीपी न्यूज को जेल में रहते हुए इंटरव्यू दिया था। तब भी उसने सलमान को धमकी दी थी। इस बार उसने सीधे तौर पर सलमान को जान से मारने की धमकी दे दी है। उसने कहा, च्सलमान खान का अहंकार रावण से भी ज्यादा है, सिद्धू मूसेवाला भी इतना ही अहंकारी था। मेरा बचपन से बस एक ही गोल है और वो है सलमान खान को मारना। लॉरेंस का कहना है कि जब वो चार-पांच साल का था तभी सलमान ने शिकार खेलते वक्त बिश्नोई समाज के लिए पूजे जाने वाले काले हिरण को मार दिया था, और तभी से उसके मन में सलमान के प्रति गुस्सा है।

### सलमान का अहंकार तोड़ेंगे-लॉरेंस

लॉरेंस बिश्नोई ने कहा, च्सलमान खान ने हमारे समाज को बहुत नीचा दिखाया है। हम उनका अहंकार तोडेंगे। हमारे समाज में जीव जंतुओं और पेड़ पौधों को भी पूजा जाता है। हम चाहते हैं कि सलमान हमारे समाज के सामने आकर माफी मांगे। राजस्थान में हमारे समाज का मंदिर जंभेश्वर जी के सामने आकर सलमान माफी मांगे, अगर समाज के लोगों ने उन्हें माफ कर दिया तो फिर मुझे कोई दिक्कत नहीं है।



### पिछले साल सलमान को मिला था धमकी भरा लेटर

लॉरेंस बिश्नोई से धमकी मिलने के बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। उन्हें महाराष्ट्र सरकार की तरफ से Y+ कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई है। जून 2022 में सलमान और उनके पिता सलीम खान को धमकी भरा लेटर मिला था, जिसमें लिखा था कि जो हाल सिद्धू मूसेवाला का हुआ वही हाल सलमान का भी करेंगे।

### काले हिरण के शिकार पर सलमान को हुई थी जेल

रिपोर्ट्स की माने तो सलमान खान ने 1998 में फिल्म च्हम साथ साथ हैंज् की शूटिंग के दौरान राजस्थान के जंगलों में काले हिरण का शिकार किया था। सलमान के अलावा सैफ अली खान, सोनाली बेंद्रे, तब्बू और नीलम कोठारी पर भी आरोप लगे थे। विश्नोई समाज ने तब सलमान के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई थी। सलमान को इसके लिए जोधपुर कोर्ट ने पांच साल की सजा भी सुनाई थी, हालांकि बाद में उन्हें इस मामले में बेल मिल गई।

### कौन है लॉरेंस विश्नोई

लॉरेंस विश्नोई पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश की सबसे खतरनाक गैंग्स का लीडर है। वो अपनी गैंग का संचालन अमूमन जेल से ही करता है। उसके पास महंगी पिस्तौल और बंदूकों का जखीरा भी है। 15 साल पहले अपने कॉलेज में हवाई फायरिंग करके वो अपना रुतबा कायम कर चुका है। लॉरेंस जेल में अमूमन विदेशी सिम काम में लेकर सारे मैसेज वॉट्सऐप के जरिए भेजता है। उसके पिता लविंद्र कुमार पंजाब पुलिस में कॉन्स्टेबल के पद पर रह चुके हैं। वो सलमान खान को उड़ाने की धमकी देकर सबसे पहले चर्चा में आया था। वो 2014 से ही जेल में बंद है।

### धमकी के बाद मिली Y+ सिक्योरिटी, 11 जवान साए के तरह साथ रहते हैं

सलमान के पास पहले महाराष्ट्र पुलिस के जवान रहते थे,लेकिन धमकी मिलने के बाद उन्हें ङ्ग+ कैटेगरी की सुरक्षा मिली। इस सुरक्षा घेरे में सलमान के साथ 11 जवान हर समय साथ रहते हैं, इसमें एक या दो कमांडो और 2 पीएसओ भी शामिल होते हैं। सलमान की गाड़ी के आगे और पीछे एस्कॉर्ट करने के लिए दो गाड़ियां हमेशा रहती हैं। इसके साथ-साथ सलमान की गाड़ी भी पूरी तरह बुलेटप्रूफ है।



# बरही में बड़े भाई की नृशंस हत्या

## छोटे भाई ने पत्नी व साले के साथ मिलकर दिया वारदात को अंजाम

### आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार, साला फरार

**कटनी, यशभारत।** बरही थाना अंतर्गत छिदिया टोला में मामूली विवाद पर छोटे भाई ने अपनी पत्नी व साले के साथ मिलकर बड़े भाई को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी छोटे भाई व उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि साला फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक छिदिया टोला निवासी 40 वर्षीय शीतल पिता भरिया कोल का शनिवार की रात छोटे भाई भोला कोल से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद बढ़ा तो भोला कोल ने अपनी पत्नी रोशनी कोल व साले उमरिया जिले के इंदवार क्षेत्र निवासी करण के साथ मिलकर शीतल के घर में घुसकर उसपर फावड़ा का बेंत व हथौड़ा से हमला कर दिया। बताया जाता है कि हमले में गंभीर रूप से घायल शीतल की मौके पर ही तड़प कर मौत हो गई। रविवार की सुबह घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद लाश अपने अधिकार में लेकर उसे पीएम के लिए बरही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां शवपरीक्षण के बाद शव अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया। बरही थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि वारदात को लेकर छोटे भाई भोला कोल उसकी पत्नी रोशनी बाई व साले के विरूद्ध धारा 452, 294, 324, 506, 34 के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की गई। जिसमें पुलिस को प्रारंभिक सफलता मिली और पुलिस ने छोटे भाई भोला व उसकी पत्नी रोशनी बाई को गिरफ्तार कर लिया है जबकि साला करण वारदात के बाद से फरार है। जिसकी तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। मृतक शीतल प्रसाद की पत्नी अन्नो बाई ने बताया कि शीतल की मां कई बार उसे खाना दे देती थी, जिससे भोला रंजिश रखता था और मां को खाना देने से मना करता था। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और उसके पति की हत्या कर दी गई।

## हुबली से बनारस के बीच कटनी होकर चलेगी समर स्पेशल

### यात्री दबाव नियंत्रित करने रेलवे का निर्णय

**कटनी, यशभारत।** ट्रेनों में लगातार बढ़ रहे यात्री दबाव को ध्यान में रखकर रेलवे ने होली स्पेशल ट्रेनों के बाद अब समर स्पेशल ट्रेनों को चलाने की घोषणा करना शुरू कर दी है। रेलवे के द्धारा हुबली से बनारस के बीच कटनी होकर पहली समर स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन अभी एक-एक ट्रिप के लिए चलाई जा रही है। इसके बावजूद भी यात्री दबाव कम नहीं हुआ तो ट्रेन के फेरो में वृद्धि की जाएगी। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 07347 हुबली-बनारस समर स्पेशल ट्रेन 27 मार्च सोमवार को हुबली स्टेशन से 20:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन मंगलवार को इटारसी 20:00 बजे, पिपरिया 21:03 बजे, जबलपुर 23:40 बजे, तीसरे दिन बुधवार को कटनी 01:05 बजे, मैहर 01: 48 बजे, सतना 02:20 बजे और 09:10 बजे बनारस स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07348 बनारस-हुबली समर स्पेशल 29 मार्च बुधवार को बनारस स्टेशन से 20:40 बजे प्रस्थान कर अगले दिन गुरुवार को सतना 03:20 बजे, मैहर 03:58 बजे, कटनी 04:50 बजे, जबलपुर 06: 20 बजे, पिपरिया 09:00 बजे, इटारसी 10: 45 बजे ओर तीसरे दिन शुक्रवार को 11:45 बजे हुबली स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 07 शयनयान श्रेणी, 10 सामान्य श्रेणी, 02 एसएलआरडी सहित कुल 21 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में गडग जंक्शन, बादामी, बागलकोट, अलमाटी, बीजापुर, इंदिरोड, सोलापुर, दौंड, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर रुकेगी।

## बरौनी-यशवंतपुर के बीच चार ट्रिप कटनी होकर चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

**कटनी, यशभारत।** होली पर्व के बाद भी ट्रेनों में यात्री दबाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। जिसके कारण रेलवे को लगातार स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर यात्री दबाव को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। होली पर्व के पूर्व से लेकर अब तक रेलवे कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर चुका है। इसके बावजूद यात्री दबाव कम नहीं हुआ। इसलिए रेलवे ने बरौनी-यशवंतपुर-बरौनी के मध्य कटनी होकर चार-चार ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 05215 बरौनी से यशवंतपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 18 मार्च, 25मार्च, 01 अप्रैल एवं 08 अप्रैल प्रत्येक शनिवार को बरौनी स्टेशन से 14:30 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी 23:40 बजे, अगले दिन रविवार को मानिकपुर 01:48 बजे, सतना 03:05 बजे, कटनी 04:30 बजे, जबलपुर 06:00 बजे, नरसिंहपुर 07:38 बजे, पिपरिया 08:50 बजे इटारसी 10:25 बजे, नागपुर 15:55 बजे एवं तीसरे दिन सोमवार को 16:30 बजे यशवंतपुर स्टेशन पहुंचेगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05216 यशवंतपुर से बरौनी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 21मार्च, 28 मार्च, 04 अप्रैलएवं 11 अप्रैल प्रत्येक मंगलवार को यशवंतपुर स्टेशन से 07:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन बुधवार को नागपुर 11:40 बजे, इटारसी 18:20 बजे, पिपरिया 19:22 बजे, नरसिंहपुर 20:30 बजे, जबलपुर 22.20 बजे, कटनी 23:40 बजे तीसरे दिन गुरुवार को सतना 01:00 बजे, मानिकपुर 02:30 बजे और 12:30 बजे बरौनी स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी, 10 शयनयान श्रेणी, 08 सामान्य श्रेणी, 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

### इन स्टेशनों में होगा ठहराव

यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में मोकामा, बख्तियारपुर, पटना, आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, सिरपुरकागज नगर, रामागुंडम, काजीपेट, जनगांव, काचीगुडा, शादनगर, जडचेरल, महबूबनगर, गढ़वाल, कुरनूल सिटी, द्रोणाचेल्लम, गूटी, अनंतपुर एवं धर्मावरम स्टेशनों पर ठहराव लेगी।



# प्रेमनगर में करंट से गई प्रौढ़ की जान, भड़का लोगों का आक्रोश

### पीएम के बाद नगर निगम व बिजली दफ्तर में शव रखकर प्रदर्शन की तैयारी

**कटनी, यशभारत। एनकेजे थाना अंतर्गत प्रेमनगर बस्ती में बिजली विभाग की बेपरवाही के कारण करेंट लगने से एक प्रौढ़ की मौत हो गई। जिसको लेकर बस्ती के लोग खासा आक्रोशित हैं और आज वो पीएम के बाद प्रौढ़ का शव लेकर नगर निगम व बिजली आफिस में प्रदर्शन करने की तैयारी में हैं। गौरतलब है कि शहरी क्षेत्र में होने के बावजूद प्रेमनगर बस्ती में आज तक स्थाई बिजली कनेक्शन देने की व्यवस्था बिजली विभाग नहीं कर पाया है। बस्ती न तो बिजली खंभे हैं और न ही कोई व्यवस्था है। जिसके कारण यहां निवास करने वाले लोग जुगाड़ करके बांस बल्लियों के सहारे दूर दराज से बिजली तार खींचकर अपने घरों में उजाला करने मजबूर हैं। जिसकी वजह से बस्ती में हमेशा करेंट लगने का खतरा बना रहता है।**





इसी बीच रविवार को मौसम में आए बदलाव के बाद आंधी तूफान व बारिश के कारण करेंट लगने से मोतीलाल कोरी नामक प्रौढ़ की मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक मोतीलाल कोरी परिवार का मुखिया था और वही परिजनों का भरण पोषण पोषण करता था। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद मोतीलाल के शव को अपने अधिकार में लेकर उसे पीएम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां आज सुबह पीएम शुरू हुआ। वहीं मृतक के परिजन और क्षेत्र वाले जिला चिकित्सालय पोस्टमार्टम के लिए पहुंच चुके हैं। बताया जाता है कि बिजली विभाग के द्धारा यहां स्थाई कनेक्शन न दिए जाने के कारण लोगों में खासा आक्रोश है तथा मोतीलाल की मौत के बाद लोगों के आक्रोश का ज्वालामुखी आज फट गया है। जिला अस्पताल पहुंचे क्षेत्र के लोगों ने बताया कि वो पीएम के बाद मृतक मोतीलाल के शव को लेकर नगर निगम व बिजली दफ्तर जाएंगे और प्रदर्शन करते हुए न केवल मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद देने की मांग प्रशासन से करेंगे बल्कि क्षेत्र में बिजली खंभे लगाकर स्थाई कनेक्शन देने की मांग को भी बुलंद करेंगे।

### कई बार उठ चुकी है स्थाई कनेक्शन देने की मांग

पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता ने बताया कि प्रेमनगर के विभिन्न स्थानों पर विद्युत पोल लगाने के लिए विगत कई वर्षो से स्थानीय नागरिकों द्वारा आवेदन दिया गया और वार्ड क्रमांक 18 की पार्षद रागिनी मनोज गुप्ता द्वारा भी उपरोक्त स्थान में विद्युत पोल लगाने के संबंध में प्रस्ताव प्रेषित कर स्थल निरीक्षण कराया गया था लेकिन नगर निगम की कार्य के प्रति लापरवाही के चलते उक्त संबंध में अभी तक सिर्फ विद्युत विभाग को पत्र भेजकर खाना पूर्ति की गई है। विद्युत विभाग भी अभी तक एस्टीमेट तैयार नही कर सका है जबकि दिनांक 17 मार्च को वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन, राजकिशोर यादव, मनोज गुप्ता, और विनीत जायसवाल द्वारा विद्युत विभाग पहुंचकर अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री और उपयंत्री से मिलकर इस समस्या से अवगत कराते हुए बताया गया था कि विद्युत विभाग द्वारा एस्टीमेट तैयार करने से लेकर कार्य आदेश जारी करने में अनावश्यक विलंब किया जाता है। पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता ने नगर निगम प्रशासन और विद्युत विभाग पर आरोप लगाया है कि यदि समय में दोनो विभागों के द्वारा उपरोक्त घटना वाले विभिन्न स्थानों में विद्युत पोल लगाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई होती तो किसी की जान बच सकती थी।

## कोषालय में गबन के मामले में हुई एक और गिरफ्तारी

### लिपिक के दोस्त को अहमदाबाद से गिरफ्तार कर कटनी लाई पुलिस

**कटनी, यशभारत।** जिला कोषालय में लाखों रुपए के घोटाले मामले में माधवनगर पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले के मुख्य आरोपी कोषालय के लिपिक धीरज सिंह के सहयोगी गुलाब खान को माधवनगर पुलिस ने अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है और उसे कटनी लेकर आई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सेवानिवृत्त और मृत कर्मचारियों के नाम से फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में धीरज सिंह ने गुलाब खान के खाते में 18 लाख रुपए स्थानांतरित किए थे। गुलाब खान धीरज के पैतृक जिले भिंड का रहने वाला है। इसके अलावा धीरज ने रवि कुमार के खाते में भी लाखों रुपए स्थानांतरित किए थे। जिसे पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि रिमांड पर लिए गए आरोपियों से पूछताछ के बाद गुलाब खान को हिरासत में लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। जिला कोषालय में लिपिक धीरज सिंह ने बड़वारा, ढीमरखेड़ा, पशु चिकित्सा विभाग, पीडब्ल्यूडी, सांख्यिकी विभाग में सेवानिवृत्त और मृत कर्मचारियों के नाम से फर्जी बिल लगाकर द्वारा लाखों रुपए की गड़बड़ी की थी। मामला सामने आने के बाद धीरज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी और धीरज व उसका सहयोगी रवि कुमार वर्तमान में जिला जेल में बंद है।

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार राजेन्द्र कौर पति कुलवीर सिंह निवासी खातीवाला टैक इन्दौर की ओर से आम जनता को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार के पिता के भवन जो कि भवन नं. 802,804, 714 गुरूनानक वार्ड सब्जी मंडी कटनी स्थित भवन जिसके अन्दर रिलेक्शो लाईट सच्चानन्द झमनानी वह भी सम्पत्ति माता पिता के नाम दर्ज है। उक्त सम्पत्ति को कृष्णा देवी पति स्व. हरभजन सिंह टुटेजा तथा मेरा भाई जसवीर सिंह (राजू सरदार टुटेजा) फर्जी वसीयत के आधार पर अपने नाम बताकर उक्त भवन का विक्रय बैनामा कर रहा है। किसी भी बैंक, संस्था, व्यक्ति उक्त भवन का क्रय बयाना, दान आदि प्राप्त न करें न ही रहन गहन करें। यदि ऐसा कोई व्यक्ति करता है तो उक्त भवन पर कोई हक हिस्सा हित प्राप्त नहीं होवेगा तथा भविष्य में मेरे एवं कृष्णा देवी तथा मेरे भाई के मध्य होने वाले सिविल दाण्डिक कार्यवाही में शामिल होना पड़ेगा।

**कमल अग्रवाल (अधिवक्ता)**
**सिविल लाइन, कटनी**


डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

आवश्यकता है
अनुभवी, योग्य, नर्सिंग महिला स्टाफ की। कंप्यूटर का ज्ञान होने पर प्राथमिकता। सैलरी योग्यतानुसार। पता - डॉक्टर एस. के. शर्मा, सीआरएम क्लीनिक बिहारी सोनी मार्केट आजाद चौक, कटनी। मिलने का समय- शाम 3 से 4.30 बजे, संपर्क- 9425158548

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

REQUIREMENT
We require an male or female Tally/Busy software accountant ability to work on computer & internet.
Salay- 10000/-
Contact no. 9425465227

प्रत्येक माह के चौथे रविवार महाकौशल के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर कटनी में
डॉ. अखिलेश दुबे
•एंजियोग्राफी •एंजियोप्लास्टी •पेसमेकर •वाल्व प्रकिया •बायपास
आयुष्मान सुविधा उपलब्ध रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें
गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पर्श मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल हीरा गंज, शनि मंदिर के पास, कटनी दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक
जीवन ज्योति हॉस्पिटल माधव नगर, गेट के सामने, कटनी दोपहर 2:00 से 4:00 बजे तक
6232571740, 7489927249

गर्मी से HEAT RESISTANCE
बारिश से WATER PROOF
Roof, Slab, Tinshed, Asbestos shed Solutioning
एक दाम दो काम
Well-Done Service @₹35/sq. ft.
Tvarit Enterprises, Nigam Marg, Near Hotel Blue Diamond, Nai Basti, Katni
Call us: 6261524050





रेट- 75/- फीट
सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी
मो. 8889696888

SGAT
शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
सभी प्रकार के मार्बल, ग्रेनाईट टाईल्स, कड़प्पा, कोटा, सीमेंट सेनेटरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता
पता- आस्था प्लाजा के बगल में बरगवां, कटनी (म.प्र.), मो. 9009767272, 7694800301, 9981895362
ईमेल- sgatkani11@gmail.com

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी
मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375





NOW OPEN
City Mall - Katni

यश भारत
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
•आवश्यकता •प्रापर्टी •लोन •मकान• •दुकान/आफिस खरीदना बेचना• •ज्योतिष •शिक्षण •ट्रेवल्स व अन्य•
1 माह Rs.1800/- | 15 दिन Rs.1200/- | 7 दिन Rs.500/- | 3 दिन Rs.250/- | 1 दिन Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण | आम सूचना | इश्तहार | गुमशुदा | नाम सुधार | जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9425362893, 8839684296
e-mail : katni@yasshbharat.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)